आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,मंगलवार 7 मार्च 2023 ■ फाल्गुन शुक्ल पक्ष -15 ■ वर्ष- 38 ■ अंक-337 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 8 मार्च 2023 ₹ 1.00

### बुरा न मानो होली है

रंग-गुलाल की अपनी ही खुमारी होती है, तिस पर भांग का नशा। हमारे रिपोर्टरों ने भी इसी मस्ती में मस्त होकर खबरें लिख डाली। पाठक समझ गए होंगे कि उन्होंने किस तरह की खबरें लिखी होंगी। लिहाजा जिन्हें खबरें बुरी लगी हो तो बुरा न मानो होली है अन्यथा हंसी-ठिठोली का खुले मन से मजा लीजिए।

**होली की बधाई**

### अवकाश-सूचना

होली पर 8-9 मार्च 2023 को तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस एवं कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः अगला सांध्य संस्करण 10 मार्च 2023 एवं प्रातः संस्करण 11 मार्च 2023 को प्रकाशित होगा। **होलिकोत्सव** पर सभी पाठकों एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

**व्यवस्थापक**




# भूपेश के चेहरे पर लड़ा जाएगा विस चुनाव

## कांग्रेस महाधिवेशन की सफलता से खुश आलाकमान का इशारा

**रायपुर, 7 मार्च रायपुर (होसं)**

राजधानी में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महाधिवेशन की जोरदार सफलता से जहां पार्टी आलाकमान गदगद है वहीं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का कद कई पायदान ऊपर चढ़ गया है। इस पूरे महाधिवेशन में तीन दिनों तक बघले ही छाए रहे। इतना ही नहीं राष्ट्रीय राजधानी और देशभर से आए नेताओं ने ऐतिहासिक सफलता का श्रेय बघेल को दिया है। महाधिवेशन जिस सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ है। उससे स्वयं भूपेश बघेल के चेहरे पर संतोष के भाव साफ देखे जा सकते हैं। इस अधिवेशन में बघेल ने नंबरों के गुणा-भाग में बाजी मार ली है। वैसे भी कांग्रेस राज्यों वाले मुख्यमंत्रियों की बात करें तो पार्टी हाईकमान को भूपेश बघेल पर ज्यादा भरोसा है। अधिवेशन की सफलता पर आमसभा में जुटी भीड़ ने चार चांद लगा दिया। यह तो पहले से ही तय हो गया था कि बघेल ही पूरे पांच वर्षों तक राज्य के मुख्यमंत्री का पद संभालेंगे। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव का नंबर नहीं लगने वाला है। वैसे भी इस वर्ष विधानसभा चुनाव को चंद माह ही शेष रह गए हैं। दिल्ली दरबार से जो संकेत मिल रहे हैं उसके अनुसार छत्तीसगढ़ में विधानसभा का चुनाव मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ही चेहरे पर लड़ा जाएगा। यानी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को बहुमत मिलने पर बघेल फिर से मुख्यमंत्री बनेंगे। मुख्यमंत्री की कुर्सी के लिए प्रदेश कांग्रेस में बघेल के लिए कोई चुनौती



नहीं है। दिग्गज नेता रविन्द्र चौबे मो. अकबर, डॉ. प्रेमसाय,ताम्रध्वज साहू वैसे भी बघेल के सामने आत्मसमर्पण कर चुके है। दूसरी बात यह है कि वर्तमान विधायकों में किसकी टिकिट कटती है और कौन जीतता है यह भविष्य के गर्भ में हैं। मुख्यमंत्री पद के समझौता दावेदार टीएस सिंहदेव ने अपना राजनीतिक वजन तभी घटा लिया था जब उन्होंने लोक स्वास्थ्य, परिवार कल्याण,चिकित्सा शिक्षा, योजना, आर्थिक सांख्यिकी बीस सूत्रीय कार्यान्वयन व वाणिज्यिक कर विभाग को अपने पास रखकर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था। एक ही विभाग से त्यागपत्र देना आम लोगों को हजम नहीं हुआ। जनता ने उसी समय अपनी प्रतिक्रिया दी थी कि बघेल से इतनी ही नाराजगी थी तो मंत्रिमंडल ही छोड़ देना था। इससे उन्हें जन सहानुभूति मिलने के साथ ही पार्टी के अंदर खलबली जरूर मचती। उनके समर्थक विधायक सामने आते। इसके साथ ही सिंहदेव ने चुनाव नहीं लड़ने की इच्छा प्रकट कर स्वयं को राजनीति के फ्रेम से बाहर निकालने जैसा बयान दिया है। फिर उनका यह कहना कि 'मौका मिले तो कौन मुख्यमंत्री नहीं बनना चाहेगा' हास्यास्पद लगता है। फिलहाल अधिवेशन की सफलता का श्रेय बघेल को ही दिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम हाशिए में रहे हैं। यह मुख्यमंत्री का बड़प्पन है कि उन्होंने कांग्रेस के तमाम कार्यकर्ताओं, पत्रकारों पुलिस तथा अधिकारी कर्मचारियों का आभार माना है। एक बात और विधानसभा चुनाव में बघेल सबसे ताकतवर नेता होंगे। कहा जा रहा है कि अधिवेशन के इंतजाम से खुश कांग्रेस के सभी शीर्ष नेताओं ने बघेल की लोकप्रियता व दबदबे का आंकलन कर लिया है। लिहाजा टिकिट वितरण में उनकी प्रमुख भूमिका रहेंगी।

रायपुर। आज रात भी होलिका दहन किया जाएगा।



## टिकिट वितरण में फैलेगा रायता

**रायपुर, 7 मार्च (होसं)।** इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस व भाजपा दोनों दलों के लिए टिकिट वितरण चुनौतीपूर्ण होगा। टिकिट चाहने वालों की दोनों ही दलों में लंबी फेहरिस्त हैं जिन्हें टिकिट नहीं मिलेगी वे निश्चित रूप से नाराज होकर मुसीबतों का रायता फैलाएंगे। इसे समेटने में दोनों ही दलों को काफी मुश्किल होगी। दरअसल कांग्रेस में टिकिट के आकांक्षी नेताओं को ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस की सरकार फिर से बनेगी। भूपेश बघेल के कामकाज व उनके छत्तीसगढ़िया व्यवहार से आम जनता खुश है। प्रदेश में कांग्रेस की बयार बह रही हैं। लिहाजा चुनाव जीतकर विधायक बनने का यह सुनहरा अवसर है। बस टिकिट का जुगाड़ करना पड़ेगा। ऐसे नेता टिकिट के लिए पार्टी के बड़े नेताओं व मुख्यमंत्री बघेल की दहलीज की मिट्टी अपने माथे पर लगा रहे हैं। कमोबेश यही हाल भाजपा में भी है। भाजपाइयों को लग रहा है कि प्रदेश की जनता अब कांग्रेस सरकार से खिन्न खा चुकी है। जनता सरकार बदलना चाहती है लिहाजा भाजपा की टिकिट पर चुनाव लड़कर जीतना यह शानदार मौका है। कैसे भी करके टिकिट हथियाना जरूरी है। कई ऐसे भी नेता हैं जो टिकिट खरीदने को आतुर हैं। इसका दूसरा पहलू यह है कि टिकिट न मिलने पर ये महत्वाकांक्षी नेता हंगामा करेंगे। वे चुनाव में पार्टी के खिलाफ काम करने की धमकी देंगे। इतना ही नहीं दोनों पार्टियों में दल-बदल का दौर चलेगा। कई नेता तो अभी से अपने तेवर दिखाना शुरू कर दिए हैं।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल : सोनी व बघेल के नाम चर्चा में

### मंत्रिमंडल का विस्तार एक अप्रैल को

**रायपुर, 7 मार्च (होसं)।** केंद्रीय मंत्रिमंडल का विस्तार किये जाने के सूत्रों के संकेत मिले हैं। मुताबिक एक अप्रैल को नए मंत्रियों को शपथ दिलाई जा सकती है। ऐसा बताया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ को केंद्रीय मंत्रिमंडल में एक और स्थान मिलेगा। फिलहाल छत्तीसगढ़ से सरगुजा की सांसद श्रीमती रेणुका सिंह सरूता केंद्रीय जनजातीय राज्य मंत्री हैं। पक्की जानकारी मिल रही है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल में छत्तीसगढ़ से एक और प्रतिनिधित्व देने पर भाजपा के दिल्ली दरबार में गंभीरता से विचार चल रहा है। इस वर्ष छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद चाहते हैं कि छत्तीसगढ़ को महत्व दिया जाए। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल के लिए रायपुर के सांसद सुनील सोनी तथा दुर्ग के सांसद विजय बघेल के नाम पर विचार किया जा रहा है। दोनों में से किसी एक को केंद्रीय मंत्री बनाया जा सकता है। छात्र राजनीति से राजनीति के मैदान में आएं सुनील सोनी विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी रहे हैं। ओबीसी वर्ग के सुनील सोनी नगर निगम के सभापति व दो बार महापौर रह चुके हैं। वे रायपुर विकास प्राधिकरण की भी जिम्मेदारी निभा चुके हैं। उन्हें राजनीति का लंबा अनुभव प्राप्त हैं। लोकसभा चुनाव भी उन्होंने वोटों के बड़े अंतर से जीता था। भाजपा के निर्विवाद नेता वैसे तो निर्गुट नेता हैं लेकिन वे भाजपा के दिग्गज नेता पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल कैम्प के माने जाते हैं। वैसे वे डॉ. रमन सिंह के भी चहेते हैं। बेदाग सुनील सोनी लोकप्रिय व व्यवहार कुशल हैं। दुर्ग सांसद विजय बघेल भी ओबीसी वर्ग से आते हैं। वे पाटन विधानसभा क्षेत्र से वर्तमान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पराजित कर विधायक रह चुके हैं। दोनों बघेल वैसे तो आपस में रिश्तेदार हैं परंतु दोनों में छत्तीस का आंकड़ा है। कबड्डी के बेहतरीन खिलाड़ी रहे विजय बघेल राजनीतिक खेल भी बाखुबी खेल रहे हैं।

### चोर समझकर युवक की हत्या

**रायपुर।** मौदहापारा थाना क्षेत्र के रजबंधा मैदान में स्थित डेंटल कॉलेज कैंपस में एक अज्ञात युवक घूस गया, जिसे वहां तैनात सुरक्षा गार्डों ने युवक को चोर समझकर पकड़ा और रस्सी से बांधकर बेदम पिटाई की, जहां इलाज के दौरान उसकी की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने कंपनी के सुपरवाइजर समेत 3 गार्ड्स को हिरासत में लिया है और पूछताछ में जुटी है।

**सड़क दुर्घटना में दो छात्रों ने तोड़ा दम**-रायपुर के खमाहरडीह थाना क्षेत्र के कचना इलाके में आज सुबह सड़क हादसे में बाइक सवार दो छात्रों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार बेकाबू बाइक अनियंत्रित होकर पहले होर्डिंग से टकराई, फिर पेड़ तोड़ती हुई खाली मैदान में जा गिरी। जहां दोनों छात्रों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। दोनों मृतकों की पहचान सुखबीर सिंह और अहमद रजा निवासी संबलपुर उड़ीसा के रूप में हुई है।

## देशी-विदेशी शराब सरकार ही बेचेगी : लखमा

- **होली पर राजधानीवासी गटक जाएंगे दो करोड़ से अधिक की शराब**
- **मदिरा की अत्यधिक कीमतों पर अभी कोई नियंत्रण नहीं**

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 7 मार्च (होसं)।** प्रदेश सरकार अगले वित्तीय वर्ष में भी देशी-विदेशी शराब बेचेगी। शराब दुकानों में कोई अहाता नहीं होगा। यह जानकारी प्रदेश के आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने दी।




हमारे संवाददाता से बातचीत करते हुए प्रदेश के आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने बताया कि शराब बंदी का कोई लक्ष्य नहीं है। सरकार वर्ष 2023-24 के मार्च माह से पुनः देशी-विदेशी शराब की बिक्री करेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सरकार को शिकायत मिली है कि देशी-विदेशी शराब दुकानों में काफी आपराधिक गतिविधियां बढ़ गई है। इसलिए अब अहाता हटा दिया जाएगा। सरकार आय बढ़ाने के लिए एफएल-3, एफएल-2 के लाइसेंस में भी वृद्धि करेगी। इसके अलावा भांग-घोटा में भी आबकारी शुल्क बढ़ाया जाएगा। ज्ञात रहे इस समय भाग सबसे ज्यादा महंगा है जबकि अन्य प्रदेशों में यह काफी सस्ता है। छत्तीसगढ़ में तीन हजार रुपए प्रतिकिलो की दर से बिक रहा है। जबकि उप्र में मात्र 300 से 600 रुपए किलो तक मिल रहा है। वर्तमान में गांजा की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है इसलिए यहां पर इसकी तस्करी चल रही है। राज्य में आबकारी विभाग को देशी-विदेश मदिरा समूह से करीब 6 हजार करोड़ की आय हो रही है। आबकारी मंत्री से जब लोवर रेंज शराब की बढ़ती कीमतों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि इसके लिए हम पूरे मामले का परीक्षण कराएंगे। राज्य में लोवर रेंज की शराब सबसे महंगी है। जिसके कारण मदिरा प्रेमी काफी परेशान हैं। वहीं प्रीमियम रेंज की शराब आम लोगों की पहुंच से बाहर हो गई है। वर्तमान में महंगी दारू होने के कारण आम लोग परेशान हैं लेकिन फिर भी शराब पीने से बाज नहीं आते। राज्य में करीब 850 देशी-विदेशी मदिरा समूह की दुकानें हैं। राज्य में होली के अवसर पर शराब की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। एक अनुमान के अनुसार सिर्फ राजधानी में ही 2 करोड़ से अधिक की शराब लोग गटक जाएंगे। इसके लिए सभी दुकानों में पर्याप्त आपूर्ति की जा रही है। लोगों की मांग के अनुरूप अब महोबाबाजार की शराब दुकान को चंदनीडीह तथा गंज शराब दुकान को कोटा के पास स्थानांतरित किया जा रहा है। इस समय भनपुरी तथा पुलिस लाईन के पास शराब दुकानें भी परेशानी का सबब बनी हुई है।

### छत्तीसगढ़ में मचा तहलका, महाधिवेशन की गोपनीयता भंग, बाबा की उपेक्षा जारी, राजीव बने सर्वेसर्वा

## राजनीति के खेल भंवर में फंसे भूपेश छग ओलंपिक संघ से हटाए गए

**रायपुर (होसं)**

जमीनी कार्यकर्ताओं की उपेक्षा और पिछले चार वर्षों से वहीं 15-20 घिसे-पीटे चेहरे को तवज्जो देना आखिरकार मुख्यमंत्री को भारी पड़ गया। दरअसल महाधिवेशन के दौरान पल-पल की रिपोर्ट देने की जिम्मेदारी प्रदेश के कई युवा नेताओं को दी गई थी। परंतु कहते हैं जिसको मौका मिलता है वही बाजी मारता है। ऐसा ही छत्तीसगढ़ के गोरे चित्ते, लंबे-तगड़े सद्‌बुद्धि वाले युवा नेता को जब अधिवेशन में बोलने का मौका मिला तो उसके भाषण के तुरंत बाद उन्हें कांग्रेसाध्यक्ष ने अपने पास बुलाया और कन्याकुमारी से जम्मू कश्मीर तक की यात्रा करने वाले नेता के हाथ से हाथ मिलवा दिया। फिर क्या था 52 वर्ष के चिर युवा ने जो जानकारी मिली उसे गंभीरता से लिया। इस अभियान में प्रदेश अध्यक्ष के खासमखास अमर हो चुके प्रदेश प्रभारी का बहुत बड़ा योगदान रहा। क्योंकि ठीक महाधिवेशन के पहले जिस ढंग से सत्ता प्रमुख द्वारा उनकी शिकायत की गई थी उसके कई युवा पदाधिकारी नाराज थे। आखिरकार चिरयुवा नेता ने विस्तृत जानकारी ली तो पता चला कि छत्तीसगढ़ के राजनीतिक सत्ता के प्रभारी के पास दो पद हैं। एक मुख्यमंत्री, दूसरा छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के अध्यक्ष का। चिरयुवा को निर्णय लेने में देर नहीं लगी। उन्होंने क्रिकेट को तमाशा बनाने वाले राजीव जी को बुलवाया और स्पष्ट निर्देश दिया कि चूंकि मैं अपने घर के भाई-बहन का रिश्ता बिगाड़ना नहीं चाहता और छत्तीसगढ़ कांग्रेस में आगामी 2023 के विधानसभा चुनाव तक नेताओं-कार्यकर्ताओं में आपसी एकता बनाए रखना जरूरी है अतः उन्होंने भूपेश की जगह छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के अध्यक्ष रूप में राजीव को कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश दे दिया। यह बात महाधिवेशन के दौरान तय हो चुकी थी, परंतु कोई बवंडर न हो और संतुष्ट-असंतुष्ट कार्यकर्ता पदाधिकारी अपने-अपने घर पहुंच जाए करके होली की पूर्व संध्या पर एक आपात बैठक छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ की बुलाई गई। इसमें एकमतेन तय हुआ कि मुख्यमंत्री पद को नहीं परंतु खेल अध्यक्ष के पद को भूपेश का छोड़ना होगा। इसके बाद हरा-पीला रंग के लड्डू तथा हरे-सफेद रंग के दूध के शरबत का सभी लोगों ने आनंद लिया। हमारे सूत्र ने जब इस कदम के बारे में मोहन से जानकारी ली कि इतनी बड़ी जिम्मेदारी राजीव को क्यों? उन्होंने बताया कि एक तो छत्तीसगढ़ में शुक्ला लोगों को कम आंकने का नतीजा 2003 से 2018 तक सब ने भुगत लिया है। फिर वे कभी उत्तरप्रदेश कभी महाराष्ट्र के राज्यसभा सदस्य रहे अब छत्तीसगढ़ से हैं अतः स्पष्ट है कि राजीव बहुमुखी प्रतिभा के धनी है। एक तरफ क्रिकेट के संघ में अमित के बेटे जय को सेट कर लेते हैं दूसरी तरफ हाईकमान को सांसद बनने के लिए तैयार कर लेते हैं। याने उनके दोनों हाथ में लड्डू रहता है। मोहन ने कहा चूंकि 2023 चुनाव में चुनाव में है अतः मुख्यमंत्री खेलकूद को उचित समय नहीं दे पा रहे हैं इस वर्ष गोवा में 37वां राष्ट्रीय खेल भी होना है इसलिए उनसे खेलकूद की जिम्मेदारी ले ली गई है ताकि वे पार्टी के अंदर के राजा-महराजा और छुटभैय्ये नेताओं को अपने खेल से मैदान में पराजित कर सके।






## एक नजर



### अवैध शराब ले जाते व बेचते दो पकड़ाए

**भिलाई, 7 मार्च।** भिलाई रानीतराई थाना क्षेत्र में पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर बाजार चौक बोरीद में अवैध रूप से शराब परिवहन करते हितेश वर्मा पिता बिरेन्द्र कुमार वर्मा निवासी ग्राम बोरी पकड़ाया इसी तरह ग्राम पोटारी में मुखबिरी की सूचना पर आरोपी करण सोनी पिता लीलार सोनी निवासी ग्राम घोरारी को अवैध रूप से देसी महुआ शराब बिकी करते हुए पकड़ा गया। उसके कब्जे से 12 लीटर देसी महुआ शराब जब्त किया गया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया गया कार्रवाई में रानीतरिई थाना प्रभारी ऐनकुमार देवांगन, उपनिरीक्षक नरसिंह साहू, सहायक उप निरीक्षक नकुल ठाकुर, आरक्षक रुस्तम बंजारे, अखिलेश शर्मा, धनंजय सिन्हा, गौरव पाण्डेय, तुकाराम निर्मलकर की विशेष भूमिका रही है।

### खाकी की चौपाल में सुनी समस्याएं



**दुर्ग, 7 मार्च।** 6 मार्च को डॉक्टर अभिषेक पल्लव पुलिस अधीक्षक दुर्ग संजय ध्रुव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर), श्री अनंत साहू अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण ),श्रीमती मीता पवार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आईयूसीएडब्ल्यू के मार्गदर्शन में श्रीमती शिल्पा साहू उप पुलिस अधीक्षक एवम पुलिस अनुविभागीय अधिकारी देवांश सिंह राठौर के द्वारा आज दिनांक 6.03.2023 ग्राम बीजाभाटा थाना रानीतराई में खाकी की चौपाल लगाई गई जिसमें ग्रामीण उपस्थित हुए जहां उनकी समस्याएं ,शिकायतों को उनसे पूछा गया और बच्चों को गुड टच बैड टच और उनके मदद के लिए जारी किए गए हेल्पलाइन नंबर 1098 बताया गया वहीं ग्रामीणों के द्वारा बहुत से कानूनों के बारे में जानने की जिज्ञासा प्रकट की गई जहां उनको साइबर सुरक्षा,घरेलू हिंसा अधिनियम, टोनही प्रताड़ना अधिनियम ,विभिन्न महिला संबंधी कानून एवं शासन के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया है पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पाटन श्री देवांश सिंह राठौर के द्वारा ग्रामीण को यातायात नियमों का पालन करना, डायल 112 के बारे मे बताया गया, साथ में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी ,जमीन संबंधी ठगी, केवाईसी और बैंकिंग संबंधी ठगी के संबंध में जानकारी दी गई और ग्रामीणों के द्वारा भविष्य में आगे भी इस तरह की चौपाल गांव में करने की बात रखी की गई! जहां रक्षा टीम एवं थाना प्रभारी श्री ऐनु देवांगन और स्टाफ उपस्थित रहे।

### धोखाधड़ी के मामले में एक गिरफ्तार



**भिलाई, 7 मार्च।** भिलाई 25 हजार रुपये का कर्ज लेने गए युवक के दस्तावेजों का गलत तरीके से इस्तेमाल कर 79 हजार 990 रुपये का मोबाइल फाइनेंस करवाकर उससे धोखाधड़ी करने वाले शातिर आरोपित को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है आरोपित के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा के तहत कार्रवाई की गई है आरोपित को न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे रिमांड पर जेल भेज दिया गया है सुपेला टीआई दुर्गेश शर्मा ने बताया कि रिसाली निवासी शिकायतकर्ता अमित कुमार घोष चौधरी ने शिकायत की थी जिसमें उसने खुर्सीपार निवासी संगीता उर्फ रंजीता और रामनगर निवासी आरोपित भानुप्रताप भगत पर मिलीभगत कर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया था। शिकायतकर्ता को 25 हजार रुपये की जरूरत थी उसने अपने परिचित से बात की थी तो उसने अपनी बहन के माध्यम से संगीता उर्फ रंजीता से उसकी मुलाकात कराई थी संगीता उर्फ रंजीता ने उसे आरोपित भानुप्रताप भगत से मिलवाया था और उसके दस्तावेज का फर्जी तरीके से इस्तेमाल कर 79 हजार 990 रुपये का मोबाइल फाइनेंस करवा लिया था ।

### मार्केट क्षेत्र में व्यापारियों के सहयोग से होगा प्लांटेशन



**भिलाई, 7 मार्च।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त रोहित व्यास एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों के मध्य महत्वपूर्ण बैठक हुई। आयुक्त ने कहा कि शहर को सुंदर बनाने के लिए मार्केट क्षेत्रों में व्यापारी वृक्षारोपण करें तथा इसे संवारने की जिम्मेदारी लें तो शहर में हरियाली का दायरा बढ़ेगा। निगम आयुक्त रोहित व्यास ने कहा कि मार्केट क्षेत्रों में बहुत ही कम स्थान मिल पाता है, लेकिन स्वच्छ वातावरण के लिए मार्केट क्षेत्रों में भी उपयुक्त स्थानों पर वृक्षारोपण व्यापारियों के सहयोग से किया जा सकता है, व्यापारी अपने द्वारा लगाए गए पौधों की स्वयं देखरेख करे तो पौधे सत प्रतिशत बड़े हो पाएंगे तथा अच्छा वातावरण लोगों को मिल पाएगा। इस दिशा में उन्होंने व्यापारियों से सहयोग करने कहा, उन्होंने कहा कि आजकल आधुनिक तरीके से कम स्थानों पर प्लांटेशन की नई तकनीक में काम किया जा रहा है। जहां पर टाइल्स एवं पेवर ब्लॉक लगे होते हैं ।

# सीएम भूपेश बघेल ने पेश किया भरोसे का बजट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता







**भिलाई, 7 मार्च।** राज्य के बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भिलाई नगर के विधायक देवेंद्र यादव ने कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जनता के विश्वास का बजट पेश किया है।विधायक देवेंद्र यादव ने बजट के बारे में बताते हुए आगे कहा कि बजट में सीएम भूपेश बघेल ने नगरीय निकाय क्षेत्रों में विकास के लिए घोषणा की है कि नगरीय क्षेत्रों में अधोसंरचना 1000 करोड़ रुपये, दुर्ग से नवा रायपुर के लिये लाइट मेट्रो सेवा, नगरीय क्षेत्र में औद्योगिक पार्क 50 करोड़ रुपये,कोरबा में नवीन ताप विद्युत गृह 25 करोड़ रुपये से बनाए जाएंगे। इसके अलावा शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में विकास के लिए भी खास घोषणाएं की है। जिसमें सबसे खास बात यह है कि 101 नवीन स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय 807 करोड़ रुपये,राज्य में 4 नवीन चिकित्सा महाविद्यालय 200 करोड़ रुपये, डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना 990 करोड़ रुपये देंगे। जिसका लाभ पूरे प्रदेश के नागरिकों को दिया जाएगा। आगे विधायक देवेंद्र यादव ने बताया कि हमारे मुखिया सीएम भूपेश बघेल ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका दीदी लोगों के हित में भी बड़ा फैसला लिए है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हेतु 10,000 रुपये प्रतिमाह मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हेतु 7500 रुपये प्रतिमाह दिया जाएगा। आंगनबाड़ी सहायिका हेतु 5000 रुपये प्रतिमाह मितानिनों के लिए 2200 रुपये अतिरिक्त प्रतिमाह देंगे। इसी प्रकार ग्राम कोटवारों के लिए सेवा भूमि के आधार पर 3000, 4500, 5500, 6000 रुपये प्रतिमाह दिया जाएगा। ग्राम पटेलों के लिए 3000 रुपये प्रतिमाह दिया जाएगा। मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम अंतर्गत रसोइयों हेतु 1800 रुपये प्रतिमाह, विद्यालयों में कार्यरत स्वच्छता कर्मियों हेतु 2800 रुपये प्रतिमाह, होमगार्ड जवानों हेतु न्यूनतम 6,300 से अधिकतम 6,420 रुपये प्रतिमाह, स्वावलंबी गोठानों की संचालन समिति के अध्यक्ष हेतु 750 एवं अशासकीय सदस्यों हेतु 500 रुपये प्रतिमाह दिया जाएगा। यह ऐतिहासिक फैसला है। इससे पहले की सरकार ने इनके हित में कभी कोई फैसला नहीं लिया था, लेकिन हमारी सरकार ने जमीन से जूड़े लोगों के विकास पर पहल की।

### बजट में रखा गया सभी वर्गों का ध्यान :राहुल


वैशाली नगर विधानसभा के युवा नेता राहुल बृजजीवन राय ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा है यह अच्छी बात है । खास कर कन्या विवाह के लिए 50 हजार एवं बेरोजगार युवाजन को बेरोजगारी भत्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के मानदेय में वृद्धि, पेंशन में वृद्धि, सड़कों के लिए प्रावधान जैसे अनेकों जनता को सीधे लाभान्वित करने वाली घोषणाओं के साथ ही नवा रायपुर से दुर्ग तक लाइट मेट्रो, दूरस्थ क्षेत्रों में मोबाइल मेडिकल यूनिट, किसान न्याय योजना, रेलवे ब्रिज, मेकाहारा अस्पताल में उन्नयन जैसे दूरगामी फैसले भी सरकार ने लिए हैं। गौठनों में गोबर खरीदी से लेकर भूमिहीन मजदूर और किसान को न्याय देने की घोषणा भी स्वागतेय है। राय ने कहा कि हाट बाजार क्लिनिक,धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स, डॉ खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना, मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, दाई-दीदी क्लिनिक जैसी योजनाओं को लेकर लोग प्रशंसा कर रहे हैं। तीन मेडिकल कॉलेज का प्रावधान स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार के लिए सहायक होगा । बजट में दुर्ग और खासकर वैशाली नगर में सड़कों और कन्या महाविद्यालय की जरूरत थी जिसकी अपेक्षा है। आत्मानंद स्कूलों के खुलने से प्रदेश की शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा और व्यवस्था भी बदलेगी। राहुल बृजजीवन ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बजट की सराहना की।

### लोगों की अपेक्षाओं के अनुरूप: शुक्ला

शुक्ला इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक अनिल शुक्ला ने बजट को लोगों की अपेक्षाओं के अनुरूप बताते हुए कहा कि बजट में देखा जाए तो हर किसी के लिए कुछ न कुछ है। यही इसकी विशेषता है। बजट में विकास को लेकर मुख्यमंत्री की दूरदर्शिता झलकती है। खासकर न्यूनतम बेरोजगारी दर वाले राज्य में विकास के पैमाने को छूना बड़ी बात है। छूटे हुए परिवारों व उनके सदस्यों का आयुष्मान कार्ड बनाने का सरकार ने जो अभियान शुरू किया वह सराहनीय है। 101 नवीन स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय 807 करोड़ रुपये, राज्य में 4 नवीन चिकित्सा महाविद्यालय 200 करोड़ रुपये स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार कर सभी लोगों को बेहतर इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भी सरकार प्रतिबद्ध दिख रही है। शुक्ला ने कहा कि भिलाई में औद्योगिक ढांचे के पुनर्निर्माण के लिए सुचारु योजना की जरूरत है। राहत पैकेज के माध्यम से बीमार उद्योगों को फिर से जीवित किया जा सकता है। वैसे सरकार ने औद्योगिक इकाइयों के संवर्धन की दिशा में बेहतर कार्य किया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक अच्छा बजट पेश किया है इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं।

## कबीरधाम जिले के मेडिकल कॉलेज के सपने को साकार किया:कन्हैया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,7 मार्च।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और क्रेडा सदस्य कन्हैया अग्रवाल ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बजट की तारीफ करते हुए कहा की कबीरधाम जिला वासियों की मेडिकल कालेज के सपने को मुख्यमंत्री भूपेश ने साकार किया । छात्र छात्राओं की मेडिकल कालेज की वर्षो से जो मांग थी और उनकी भावना को देखते हुए केबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर की परिकल्पना को सीएम ने साकार किया है । निराश्रित पेंशन राशि की वृद्धि , बेरोजगारी भत्ता और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ के मानदेय में वृद्धि से महिलाओ , बुजुर्गों, युवाओं के दिल में बजट की अमिट छाप उतरी है । युवाओं को ढाई हजार रुपया बेरोजगारी भत्ता दी जाएगी जो एक शानदार फैसला है । प्रदेश वासियों पर कोई नया कर नही दिया जिससे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार में हर्ष व्याप्त है । आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ और आंगनबाड़ी साहियको का मानदेय बढ़ाया गया है जिससे गांवों और शहरो में परिवार की मानदेय बढ़ने पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में महिलाओ में हर्ष व्याप्त है । क्रेडा सदस्य कन्हैया अग्रवाल ने कहा की छत्तीसगढ़ राज्य का बजट ऐतिहासिक बजट है । इस बजट में सभी वर्गो के हितों पर ध्यान दिया गया है और ये बजट जनता के विकास के लिए मिल का पत्थर साबित होगी ।

### जनता के भरोसे को तोड़ने वाला बजट:संतोष पटेल



**कवर्धा, 7 मार्च।** पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जिला भाजपा उपाध्यक्ष संतोष पटेल ने भूपेश बघेल सरकार की अंतिम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार भरोसे के संकट से जूझ रही है इसीलिए बजट से पहले ही इस बजट को भरोसे का बजट बताने का प्रयास किया गया यह भरोसे का नहीं भरोसे को तोड़ने वाला बजट है । संविदा कर्मचारियों को नियमित नही किया गया और शराब बंदी नही की गई और जनता आने वाले चुनाव में कांग्रेस को हराकर ज़बाब देगी ।



### छत्तीसगढ़ हैंडबॉल संघ की विशेष सामान्य सभा की बैठक संपन्न

**भिलाई, 7 मार्च।** छत्तीसगढ़ हैंडबॉल संघ की विशेष सामान्य सभा की बैठक सुपेला में संस्था के अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ हैंडबॉल संघ के उपाध्यक्ष डॉ. आलोक दुबे, संस्था के उपाध्यक्ष सैय्यद इमरान अली, उपाध्यक्ष सुरेश क्रिस्टोफर, संस्था के सह सचिव जितेन्द्र तिवारी, सह सचिव एस.के.डी. मिश्रा, सहसचिव पी. सुरेश राव, सहसचिव हरीश चंद्र वर्मा, कोषाध्यक्ष विजय बहादुर सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे। इसके साथ ही दुर्ग जिला, रायपुर जिला, राजनांदगाव जिला, रायगढ़ जिला, जांजगीर-चांपा जिला, कोरबा जिला, महासमुंद जिला, बस्तर जिला, कांकेर जिला, बेमेतरा जिला, बालोद जिला, बलोदा बाजार जिला, कबीरधाम जिला, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिला, भिलाई इस्पात संयंत्र, दुर्ग नगर निगम परिक्षेत्र, रिसाली नगर निगम परिक्षेत्र, राजनांदगाव नगर निगम परिक्षेत्र, भिलाई नगर निगम परिक्षेत्र के अध्यक्ष / सचिव तथा संस्था के संस्थापक सदस्य एवं आजीवन सदस्य उपस्थित थे। संस्था के सह सचिव जितेन्द्र तिवारी ने बैठक में भाग लेने वाले सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया।

### छत्तीसगढ़ को ऊंचाईयों की ओर ले जाने वाला ऐतिहासिक बजट: मोहम्मद अकबर



**कवर्धा।** प्रदेश के वन एवं जलवायु परिवर्तन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी मंत्री मोहम्मद अकबर ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा पेश किए गये वर्ष 2023-24 के वार्षिक बजट को जन आंकाक्षाओं के अनुरूप प्रदेश को उन्नति की ओर ले जाने वाला ऐतिहासिक बजट बताया है। मंत्री श्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने बजट में छत्तीसगढ़ के सभी क्षेत्रों, सभी वर्गों का ध्यान रखते हुए राज्य के सर्वागीण विकास की परिकल्पनाओं को दर्शाया है। यह बजट अधोसंरचना के विस्तार, रोजगार के नए अवसर प्रदान करने के साथ ही छत्तीसगढ़ में खुशहाली लाने वाला तथा छत्तीसगढ़ वासियों के भविष्य को सुरक्षित रखने वाला

## सरकार के अंतिम बजट में गरीबों और गांव की उपेक्षा, बेरोजगारों के साथ ठगी:जितेन्द्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 7 मार्च।** प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत वार्षिक बजट पर जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भूपेश सरकार का

अंतिम बजट से सर्वहारा वर्ग की उम्मीदें बुरी तरह से टूट गई है, इसमें गांव और गरीबो की घोर उपेक्षा हुई है। सरकारी कर्मचारियों के लिए कोई नई घोषणा नही है इसके अलावा न तो दैनिक वेतनभोगी कर्मियों का ख्याल रखा गया और न ही झुग्गी झोपड़ी के श्रमिकों के हालत पर चिंता दिखाई गई।भूपेश सरकार ने 1 लाख 21हजार 500 करोड़ रुपये से अधिक का बजट पेश किया है। राज्य निर्माण के प्रारंभिक साल में पूर्व मुख्यमंत्री स्व. अजीत जोगी ने महज 4 हजार करोड़ का बजट प्रस्तुत किया था, दो दशक से अधिक के कालखण्ड में राज्य का बजट 28 गुना बढ़ गया पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बजट में न दीर्घकालीन योजनाओं का खाका खींचा गया है और न ही विकास के लिए कोई प्रतिबद्धता दिख रही है। बेरोजगारों के लिए बेरोजगारी भत्ता की घोषणा जरूर की गई है, मगर इसमें भी चालाकी दिखाते हुए छल किया गया है इस दायरे में वही आएगा जिसके परिवार की वार्षिक आय ढाई लाख से अधिक न हो, जबकि कांग्रेस के 2018 के घोषणापत्र में ऐसी कोई शर्त नहीं थी, मजे की बात यह है कि बेरोजगारी भत्ता मात्र दो साल के लिए दिया जाएगा जो कि बेरोजगारी और बेरोजगारों के लिए लॉलीपॉप के समान है। श्री वर्मा ने आगे कहा कि बेरोजगारी भत्ते के रूप में 4 साल 3 माह का बकाया बेरोजगारी भत्ता देने का कोई प्रावधान नहीं करते हुए बेरोजगारों के साथ कांग्रेस सरकार ने ठगी की है।जिला भाजपा अध्यक्ष श्री वर्मा ने कहा कि महीनों से महंगाई भत्ता व वेतन विसंगति के लिए संघर्ष कर रहे राज्य के चार लाख कर्मचारियों को भूपेश के बजट 2023 में सिर्फ निराशा हाथ लगी है। किसानों व कृषि मजदूरों के लिए कोई नई घोषणा नही की गई। भूपेश बघेल ने इस बजट को जनता के भरोसे का बजट बताया है जबकि हकीकत यह है कि कांग्रेस के इस बजट जनता का भरोसा टूटा है।

### बीएसपी ने सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने की सकारात्मक पहल की

**भिलाई, 7 मार्च।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा संयंत्र के मेन गेट व बोरिया गेट के प्रवेश द्वार पर विभिन्न वाहनों के साथ प्रवेश करने वाले कार्मिकों व अधिकारियों के संग एक सकारात्मक सुरक्षा पहल प्रारंभ किया। मुख्य महाप्रबंधक सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं जी पी सिंह के नेतृत्व में सुरक्षा के प्रति स्वैच्छिक रूप से सेवा देने वाले सेफ्टी वॉरियर्स द्वारा संयंत्र के विभिन्न प्रवेश द्वार पर प्रवेश करने वाले ऐसे संयंत्र कर्मियों को जिन्होंने वाहन चलाने में सुरक्षा का सम्पूर्ण ध्यान रखा है ।

## आधार अपडेशन एवं आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए लगाए जा रहे शिविर



**भिलाई, 7 मार्च।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत महापौर नीरज पाल तथा निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर आधार कार्ड के अपडेशन के लिए तथा आयुष्मान कार्ड तैयार करने के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने शिविर का शेड्यूल का आदेश जारी कर दिया है। शिविर 23 फरवरी 2023 से प्रारंभ हो चुका है। शिविर के माध्यम से जिनके आधार कार्ड 10 वर्ष पूर्व बने हुए हैं उनके आधार कार्ड को अद्यतन करने का काम किया जा रहा है। इसके लिए शिविर में आधार कार्ड के ऑपरेटर मौजूद है। शिविर के सफलतम आयोजन के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। आयुष्मान कार्ड बनवाने तथा आधार अपडेशन के लिए भिलाई निगम के वार्ड क्षेत्रों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। नगर पालिक निगम भिलाई अपील करता है कि शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाकर आधार अपडेशन एवं आयुष्मान कार्ड बनवा लें। शिविर में आधार कार्ड अपडेशन के लिए 1384 लोग पहुंचे और अपना आधार कार्ड अपडेट करवाया इसके अलावा आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए 799 ने अप्लाई किया है। शिविर में लोग बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं और योजनाओं का लाभ ले रहे है। इन वार्ड क्षेत्रों में होगा शिविर का आयोजन 10 मार्च 2023 को वार्ड क्रं. 11 फरीद नगर टाटा नगर सियान सदन, वार्ड क्रं. 26 रामनगर मुक्तिधाम कर्मा भवन लोधी पारा, वार्ड क्रं. 54 सेक्टर 01 दक्षिण जनता कार्यालय क्रिकेट मैदान के पास, वार्ड क्र. 48 जोन-03 खुर्सीपार पम्प हाउस मैदान, वार्ड क्रं. 67 सेक्टर 07 पश्चिम रेल्वे स्टेशन बस्ती, 11 मार्च 2023 को वार्ड क्रं. 12 रानी अवंती बाई कोहका बजरंग चैंक कर्मा भवन के पास, वार्ड क्र. 27 शास्त्री नगर दुर्गा मंच, वार्ड क्रं. 55 सेक्टर 02 पूर्व डोम शेड सड़क 06 शक्ति सदन, वार्ड क्रं. 49 सुभाष मार्केट खुर्सीपार सिद्धी विनायक मंच गणेश मंच के पास, वार्ड क्रं. 68 सेक्टर 08 शिव मंदिर सड़क 12 बी.एन.एस., 13 मार्च 2023 को वार्ड क्रं. 13 पुरानी बस्ती कोहका मंगल बाजार सामुदायिक भवन, वार्ड क्रं. 28 प्रेम नगर चैता मैदान भवन, वार्ड क्रं. 56 सेक्टर 02 पश्चिम डोम शेड सड़क 06 शक्ति सदन, वार्ड क्रं. 50 शास्त्री नगर गणेश मंच सड़क 36 व 37 के मध्य, वार्ड क्रं. 69 सेक्टर 08 वरिष्ठ नागरिक मंच, 14 मार्च 2023 को वार्ड क्रं. 17 नेहरू नगर नेहरू भवन, वार्ड क्रं. 29 वृन्दा नगर वार्ड कार्यालय, वार्ड क्रं. 51 शहीद वीर नारायण सिंह नगर उड़िया भवन कार्तिक चौक शिवाजी नगर, वार्ड क्रं. 70 शहीद कौशल यादव हुड़को सियान सदन, 15 मार्च को वार्ड क्रं. 18 कॉन्ट्रेक्टर कॉलोनी आमोद भवन में शिविर लगेगा।

## महापौर परिषद की बैठक में चर्चा के बाद कई प्रस्ताव पारित



भिलाई, 7 मार्च। नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा में महापौर परिषद की बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक महापौर निर्मल कोसरे के कक्ष में रखी गयी थी। जिसमें महापौर सहित परिषद के सभी सदस्य मोहन साहू, श्रीमती दीप्ति वर्मा, श्रीमती देवकुमारी भलावी, श्रीमती संतोषी निषाद, एस. वेंकट रमना मनोज डहरियां ईश्वर साहू उपस्थित रहे। परिषद की बैठक में अनेक महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा उपरांत प्रस्ताव पारित किये गये। मुख्यमंत्री पालिका बाजार (शॉपिंग मॉल कॉम्प्लेक्स) एवं शासकीय हॉस्पिटल समीप निर्मित दुकानों से प्राप्त उच्चतम बोली राशि की स्वीकृति। दीदी बर्तन बैंकों की 08 जगह स्थापना। निगम क्षेत्रांतर्गत वेन्डिग जोन, नॉन वेंडिंग जोन व फुटपाथ व्यवसायियों को व्यवस्थित करने के संबंध में विचार एवं निर्णय।4-वार्ड-07 विश्व बैंक कॉलोनी के विभिन्न गलियों में सी.सी.रोड निर्माण कार्य लागत राशि रू 98.59 लाख हेतु निविदा आमंत्रण की संस्कृति पर विचार एवं निर्णय। वार्ड क्रमांक-08 बंधवा तालाब का विकास एवं सौन्दर्यीकरण कार्य लागत राशि 90.60 लाख हेतु निविदा आमंत्रण की स्वीकृती। 14वें वित्त आयोग मद अंतर्गत सालिड वेस्ट मैनेजमेंट सेक्टर में राशि 106.6 लाख से विभिन्न कार्य कराये जाने की स्वीकृती। अद्योसंरना मद अंतर्गत स्वीकृत वार्ड क्रमांक-04 जरवाय में गौठान के पास सीसी रोड निर्माण कार्य का स्थल परिवर्तन करते हुए वार्ड क्रमांक-04 जरवाय में पटवारी कार्यालय के पास सी.सी.रोड निर्माण कार्य की स्वीकृती। अद्योसंरचना मद अंतर्गत स्वीकृ?त वार्ड-26 मस्जिद के पास चरौदा सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का स्थल परिवर्तन करते हुए वार्ड-02 हथखोज बस्ती में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य कराये जाने की स्वीकृति। इसके अतिरिक्त लोक निर्माण विभाग संबंधी विस्तृत जानकारी के विषय में पृथक से सूचना दी जायेगी।


# महिला दिवस पर मदर्स मार्केट में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**भिलाई, 7 मार्च।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत आज पावर हाउस के मदर्स मार्केट में महिला दिवस मनाया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को होली के दिन पड़ जाने के कारण महिला दिवस आज मनाया गया। मदर्स मार्केट पावर हाउस के प्रांगण में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। विधायक देवेंद्र यादव, महापौर नीरज पाल एवं अंत्यावसायी सहकारी समिति एवं वित्त विकास निगम की उपाध्यक्ष नीता लोधी,महिला एवं बाल विकास प्रभारी मीरा बंजारे तथा पीडब्ल्यूडी प्रभारी एकांश बंछोर ने महिलाओं को सम्मानित किया। विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि महिलाओं को रोजगार देने तथा एक प्लेटफार्म देने के मकसद से महिला मदर्स मार्केट तैयार किया गया है जहां महिलाएं अपने घरेलू उत्पादों को मार्केट के माध्यम से विक्रय कर पा रही है, उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान में जितना भी कहा जाए वह कम है। महापौर नीरज पाल ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में तथा महिलाओं के उत्थान के लिए राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत अनेकों काम हो रहे हैं, महिलाओं को रोजगार के अवसर भी प्राप्त हो रहे हैं, गौठान में भी महिलाएं अलग-अलग गतिविधियां अपनाकर लाभ अर्जित कर रही हैं। अंतावसायी सहकारी समिति एवं वित्त विकास निगम की उपाध्यक्ष नीता लोधी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी को बधाई प्रेषित की। बता दें कि 27 फरवरी से 2 मार्च तक स्व सहायता समूह, सीएलएफ तथा एएलएफ की महिला समूह के द्वारा वार्ड क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के सम्मेलन किए गए जिसमें महिला संगठनात्मक के विषय में भी जानकारी दी गई, इस दौरान अनेक प्रकार के खेल के आयोजन भी महिलाओं के मध्य हुए। इन खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को आज सम्मानित किया गया। मदर्स मार्केट में महिलाओं के द्वारा घरेलू प्रोडक्ट के तहत कपड़े से बने सामग्री, सिलाई, कढ़ाई, बुनाई के उत्पाद, बांस से बने उत्पाद, खाद्य उत्पाद, मनिहारी से संबंधित सामग्रियां एवं फूलों से बने विभिन्न प्रकार के बुके, हार इत्यादि की प्रदर्शनी कर इनकी बिक्री भी की गई तथा आज के आयोजन में मनमोहक प्रस्तुतियां महिलाओं के द्वारा दी गई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की नोडल अधिकारी प्रीति सिंह, सहायक परियोजना अधिकारी फणींद्र बोस एवं मिशन मैनेजर, अमन पटले सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

## एक नजर

### बजट भूपेश सरकार की विदाई का बजट है, छत्तीसगढ़ की आशाएं फिर ध्वस्त हुई:रविन्द्र वैष्णव



**छुरिया 7 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय जनता पार्टी राजनांदगांव के जिला महामंत्री रविन्द्र वैष्णव ने भूपेश बघेल सरकार के बजट को दिशाहीन और निराशा से भरा बजट करार दिया है। श्री वैष्णव ने कहा कि भूपेश सरकार के बजट में निराशा और छलावे के सिवा कुछ भी नहीं है, भूपेश बघेल सरकार का बजट बिना आत्मा के शरीर, बिना पानी की नदी, बिना ऊंचाई के पहाड़ और बिना हवा के फूले हुए गुब्बारे जैसा है। इसमें न तो दूरदर्शिता है और न ही दृष्टिकोण है। रविन्द्र वैष्णव जी ने कहा कि इस बजट में महिलाओं, युवाओं, किसानों, मजदूरों, बुजुर्गों और बेटियों के लिए निराशा के सिवाय कुछ भी नहीं है। भूपेश बघेल सरकार हवा में उड़ रही है। इस सरकार ने चुनाव पर आधारित हवा हवाई बजट पेश किया है। ठोस धरातल पर इस बजट में कोई योजना नहीं है। भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ की जनता को इस बार भी छलावे की सौगात दी है कांग्रेस शासन का इस वर्ष का आम बजट निराशाजनक है। कांग्रेस फिर अपने खोखले वादों के साथ जनता के सामने है। इस बजट से छत्तीसगढ़ को बहुत उम्मीद थी लेकिन आज जन-उत्थान और विकास की रूपरेखा निर्धारित करने में यह सरकार विफल साबित हुई है।यह बजट सिर्फ चुनाव पर आधारित है, जिससे आम जनता को कोई लाभ नहीं होगा।

### महापौर ने दी होली की शुभकामनाएं

**राजनांदगांव 7 मार्च।** महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने नागरिकों को रंग पर्व होली की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि संस्कारधानी की स्वस्थ परंपरा के अनुरूप रंगो और उमंगो का यह त्योहार शांति और सद्भावना के वातावरण में पूरी शालीनता के साथ मनाया जाये। निगम अध्यक्ष श्री हरिनाराण पप्पू धकेता,निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी,नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री मधुकर बंजारी, सतीश मसीह, गणेश पवार, श्रीमती दुलारी बाई साहू, राजा तिवारी, श्रीमती बैना बाई टुरहाटे, संतोष पिल्ले, भागचंद साहू, विनय झा, राजेश गुप्ता चम्पू,वरिष्ट सभापति श्री अब्दुल समद खान,कनिष्ट सभापति गामेन्द्र नेताम अपील समिति के सदस्यों श्रीमती शकीला बेगम, श्रीमती मधु बैद, श्री ऋषि शास्त्री,जिला योजना समिति के सदस्य श्री सिद्धार्थ डोंगरे व श्री अमीन हुड्डा एवं पार्षदों व नामांकित पार्षदों ने नागरिकों को बधाई देते हुए कहा है कि हमारी हजारो वर्ष पुरानी भारतीय संस्कृति में होली का त्यौहार मनुष्य के जीवन में सामाजिक समरसता और मेल मिलाप के भावना को प्रकट करता है। इस अवसर पर महापौर श्रीमती देशमुख व आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने नागरिकों से अपील की है कि होलिका दहन के लिये हरे-भरे पेड,पौधों की कटायी नहीं की जानी चाहिये बल्कि इसके लिये सुखी एवं बेकार पड़ी लकड़ी ,का इस्तेमाल करना चाहिए,जिससे पर्यावरण को संरक्षण प्रदान किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने नागरिकों से होलिका दहन पक्की डामरीकृत सड़को पर तथा विद्युत खंभो एवं तारों के नीचे नहीं करने, रोड के किनारे करने की अपील की है। उन्होने विशेष रूप से बच्चों को होली के दिन जहरीले रासायनिक रंगों से बचने की सलाह दी है। रसायनिक रंग के स्थान पर हर्बल कलर का प्रयोग करने की अपील की है। उन्होंने होली त्यौहार के दौरान जल का अपव्यय कम से कम करने की भी अपील की है।

### सेमरा बी के शासकीय पशु औषधालय का उन्नयन




**अंवरी 7 मार्च।** यतीश कुमार सिन्हा अध्यक्ष राजीव युवा मितान क्लब ने बताया की छत्तीसगढ़ बजट 2023 में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा 6 मार्च को बजट भाषण में पशुधन विकास विभाग अंतर्गत राज्य 14 पशु औषधालयो का उन्नयन पशु चिकित्सालय में किया गया जिसमें जिला धमतरी के शासकीय पशु औषधालय सेमरा बी का उन्नयन किया गया। जिससे आसपास के लगभग 15 ग्रामो से लगभग 12000 पशुधन तथा 5000 पशुपालक लाभान्वित होंगे। यशवंत साहू, सीताराम, चित्रसेन सिन्हा, भुनेश्वर,दिनेश, कमलेश, भागवत, दसरथ, महेश, हीरालाल, अशोक, विनोद एवं समस्त ग्रामवासी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### आय बढ़ाने वाला और महंगाई से राहत देने वाला बजट:होमेन्द्र



**अंवरी 7 मार्च।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा पेश किया गया बजट को प्रदेश की जनता का आय बढ़ाने वाला और महंगाई से राहत देने वाला हर वर्ग के साथ न्याय से प्रेरित परिपूर्ण बजट करार देते हुए ब्लॉककांग्रेस भाखरा प्रभारी महामंत्री होमेन्द्र साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार बनने के बाद प्रस्तुत हुई हर बजट ने विकास को एक नई दिशा दी है प्रदेश के किसान आर्थिक रूप से सक्षम हुए हैं युवाओं के हाथ में रोजगार के अवसर आये। छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति परंपरा तीज त्यौहार पुनर्जीवित होगा, माता कौशल्या के मंदिर से लेकर राम वन गमन पथ का नव निर्माण हुआ जो देश विदेश के लोगों को पर्यटन के दृष्टि से छत्तीसगढ़ आने को मजबूर किये। हर वर्ग के साथ न्याय की अवधारणा को परिपूर्ण करने वाला यह पांचवा बजट था। होमेन्द्र साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने छत्तीसगढ़ को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने और प्रत्येक व्यक्ति के विकास के लिए कार्य किया है किसानों को फसल की उचित मूल्य के साथ कृषि क्षेत्र को

# प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ निगम ने की कार्रवाई

## 10 होटल से 8 हजार 5 सौ रुपये जुर्माना 3 किलो पॉलिथीन जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 7 मार्च।** प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभाव एवं पर्यावरण संरक्षण के लिये शासन मंशानुरूप सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाये जाने एवं होली त्यौहार में खाद्य पदार्थो की जॉच व साफ सफाई की जॉच करने कार्यवाही पर जिला प्रशासन व नगर निगम सख्ती बरत रही है और अभियान चलाकर प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय एवं उपयोग पर जुर्माना कर जप्ती की कार्यवाही के साथ साथ खाद्य पदार्थो की जॉच कर रही है। इसी कडी में आज जिलाधीश श्री डी. सिंह एवं निगम आयुक्त डॉ0 आशुतोष चतुर्वेदी के निर्देश पर नगर निगम तथा खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की संयुक्त टीम शहर के प्रमुख 10 होटलों मे दबीस देकर खाद्य पदार्थो, साफ सफाई की जॉच कर, मिठाईयों की गुणवत्ता का निरीक्षण कर सेम्पल लिया गया और 3 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक जप्ति कर 8 हजार 5 सौ रूपये जुर्माना लगाया। आगामी होली त्यौहार को देखते हुये आज नगर निगम एवं औषधि प्रशासन विभाग की संयुक्त टीम निगम सीमाक्षेत्र में प्रमुख होटलों में जाकर खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता एवं साफ सफाई का निरीक्षण किया, साथ ही प्रतिबंधित प्लास्टिक की भी जॉच की। जॉच के दौरान साफ सफाई का अभाव पाया गया तथा पॉलिथीन का उपयोग करते पाया गया। इसके अलावा मोबाईल फुड वेन के द्वारा 60 किलो खोवा, मावा, मिठाई, मिक्चर आदि की भी जॉच की गयी, जिसमें 48 मानक 7 मिथ्याछाप, 3 अवमानक रहे, जिन्हें नस्ट कराया गया तथा किचन साफ सफाई रख व्यवस्था सुधारने समझाईस दी गयी एवं 3 किलो पॉलिथीन जप्त कर 8 हजार 5 सौ रूपये जुर्माना लगाया गया। जुर्माना के तहत लक्ष्मीनारायण स्वीट्स से 2 हजार रूपये, जराराम स्वीट्स से 1 हजार 5 सौ रूपये, मानव मंदिर होटल व खण्डेलवाल होटल से 1-1 हजार रूपये एवं अमर सिंह लस्सी सेन्टर, मोती स्वीट्स, रामप्रसाद स्वीट्स, मोती हलवाई, लक्ष्मीनारायण मिठाई वाला व मानव मंदिर मिष्ठान से 5-5 सौ रूपये कुल 8 हजार 5 सौ रूपये जुर्माना वसूला गया एवं 3 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक जप्त की गयी। जिला प्रशासन व निगम की संयुक्त टीम होटलो में दबीस देकर समझाईस दे रहे है कि सड़े गले खाद्य पदार्थो का उपयोग न करे, साफ सफाई बनाये रखे, प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करे, त्यौहार में शुद्ध खाद्य पदार्थो का विक्रय करे। अवमानना पर कडी कार्यवाही की जावेगी। आज के अभियान में जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री डोमेन्द्र ध्रुव व सुश्री अंगेश्वरी कचलाम, नायब तहसीलदार सुश्री देविका ध्रुव, नगर निगम के प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा, स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव सहित खाद्य एवं औषधी प्रशासन विभाग व नगर निगम की टीम उपस्थित थे।

### मगरलोड चारभाठा में दतैल हाथी ने फिर उतारा एक युवक को मौत के घाट



**मगरलोड 7 मार्च।(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** विकास खंड मुख्यालय मगरलोड से 4 किलोमीटर दूर ग्राम चारभाठा में रात्रि लगभग 12 बजे एक दतैल हाथी ने घीकुड़िया निवासी सुखराम कमार को मौत के घाट उतारा हाथी ने सुखराम के दोनों टांगों को चीर कर अलग कर दिया जिससे गांव में दहशत का माहौल है वन विभाग को सूचना देने के बाद रात्रि में पहरा दिया लेकिन गांव में माइक के माध्यम से कोई मुनियादि दी नहीं कराया गया था ना ही गजराज वाहन गांव में घुमाया गया मृतक सुखराम कमार पिता फूलसिंग कमार 45 वर्षीय के चार लड़के एवं चार लड़कियां हैं वन विभाग मृतक के परिवार को सहयोग राशि 25000 नगर देने की बात कही दतैल हाथी पिछले 2 दिन से विकास खंड मगरलोड के ग्राम चारभाठा में विचरण कर रहा है जिससे वन क्षेत्र में रहने वाले लोगों में दहशत का माहौल है वही दतैल हाथी में कॉलर आईडी नहीं लगने से इसका लोकेशन ठीक से वन विभाग को नहीं मिल पाता।

# ये भरोसे का बजट है तो 4 साल ठगने वाला बजट था क्या:नारायण चंदेल

**रायपुर 7 मार्च।** कांग्रेस की भूपेश सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि अगर इस वर्ष का बजट भरोसे का बजट था, तो क्या 4 वर्ष का बजट धोखा वाला बजट था ,यह भूपेश सरकार स्पष्ट करें।

नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने बजट पर प्राथमिक प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जो सरकार साढ़े 4 वर्ष में कुछ नहीं कर पाई वह 6 महीने में क्या करेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से पूछा कि पिछले वर्ष के बजट में जो प्रावधान आप ने की थी उनमें क्रियान्वयन तो छोड़िए किन-किन योजनाओं पर कार्य प्रारंभ हुआ यह जनता जानना चाहती है। उन्होंने कहा यह पूर्ण रूप से नाउम्मीदगी का बजट है। भाजपा पूर्व मंत्री व मुख्य प्रवक्ता अजय चंद्राकर ने कहा कि यह पूरी तरह निराधार बजट है। अनियमित, संविदा, दैनिक वेतन भोगियों के नियमितीकरण के बारे में इस बजट में कुछ नहीं कहा गया है । पिछले 4 वर्षों से 10 लाख बेरोजगारों के बेरोजगारी भत्ता की कर्जदार भूपेश सरकार की बेरोजगारी भत्ता की घोषणा छलावा मात्र है। उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी विभाग को जो बजट कांग्रेस ने दिया है उनमे टेंडर की प्रक्रिया पालन करते तक आचार संहिता लग जाएगी। उन्होंने कहा मेट्रो लाइन की घोषणा करने वाली भूपेश बघेल सरकार पहले छत्तीसगढ़ के सिटी बस तो चलवा ले। पूर्व मंत्री व विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि यह विश्वास तोड़ने वाली, भूपेश नहीं झूठेश सरकार का बजट है। उन्होंने कहा कि मृत्यु शैया पर लेटी सरकार पर कौन भरोसा करेगा और जिस प्रकार उन्होंने जनता से छल किया है जनता इन्हें इनका परिणाम बताएगी। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि यह सरकार अपने वादों से मुकर गई हैयह सरकार सिर्फ और सिर्फ छलावा कर रही है,धोखेबाजी कर रही है इस पूरे बजट में कृषि के लिए कुछ भी नहीं कहा गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस बजट में प्रदेश के बेरोजगारों का मजाक उड़ाया है ?6 लाख तक की आय प्राप्त करने वाले परिवार को गरीबी रेखा के नीचे माना जाता था। परंतु बेरोजगारी भत्ता

### आम जनता की तरक्की, खुशहाली और समृद्धि का बजट:मोहन मरकाम

**रायपुर 7 मार्च ।** आज प्रस्तुत छत्तीसगढ़ बजट 2023-24 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि यह बजट अर्थव्यवस्था की मजबूती, बेहतर वित्तीय अनुशासन और कुशल प्रबंधन का बेहतरीन नमूना है। भविष्य की ठोस बुनियाद के साथ आम जनता की समृद्धि और सभी वर्गों के कल्याण तथा रोजगार मूलक विकास कार्यों के लिए सार्थक और सुदृढ़ प्रयास है। ग्रामीण क्षेत्र एवं सामाजिक सुरक्षा के साथ शिक्षित बेरोजगारों को ?2500 प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता देने का प्रावधान। राजीव गांधी किसान न्याय योजना में इनपुट सब्सिडी के लिए? 6800 करोड़ का प्रावधान किया गया है। राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना का नगर पंचायत क्षेत्रों के लिये विस्तार। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की राशि में 43 प्रतिशत की वृद्धि (प्रतिमाह ?500 की गई है)। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की राशि दुगुनी कर दी गयी है। छात्रवृत्ति की राशि 1000 से बढ़ाकर 1500 रू. प्रतिमाह और छात्रावास के विद्यार्थियों को भोजन सहायता योजना के तहत दी जानी वाली राशि 700 से बढ़ाकर 1200 रू. प्रतिमाह किया जाना प्रशंसनीय है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि पत्रकार गृह निर्माण ऋण अनुदान योजना अंतर्गत ब्याज अनुदान का प्रावधान प्रशंसनीय है। नगरीय क्षेत्रों में अधोसंरचना ?1000 करोड़ का प्रावधान किया गया है। दुर्ग से नवा रायपुर के लिये लाइट मेट्रो सेवा नगरीय क्षेत्र में औद्योगिक पार्क के लिए ?50 करोड़ का प्रावधान। कोरबा में नवीन ताप विद्युत गृह ?25 करोड़ का प्रावधान आगामी समय के ऊर्जा की जरूरतों पर फोकस है। आज़ के बजाट में शिक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष प्रावधान है।

### एसडीओपी के नेतृत्व में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**नगरी 7 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** रंगों का पर्व होली



और शब ए बारात के मद्देनजर पुलिस प्रशासन की टीम ने संयुक्त दलबल के साथ फ्लैग मार्च किया नगरी एसडीओपी मयंक रणसिंह ने प्रेम सद्भाव और भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने नगर के सभी समुदाय सहित गणमान्य नागरिकों से अपील कर शांतिप्रिय परंपरा का निर्वहन करने में पुलिस प्रशासन को सहयोग करने की बात कही, इस मौके पर कोई अप्रिय घटना न हो इसके लिए सुरक्षा नियमों का पूर्ण पालन कराने एवं किसी अप्रिय घटना होती है तो तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचना देने की बात कहीं पुलिस ने फ्लैग मार्च के दौरान क्षेत्रवासियों से शांति सौहार्द्र एवं प्रेम के साथ त्यौहार मनाने की अपील की है।

### वैभव संकुल संगठन दंनगढ का वार्षिक अधिवेशन

**मोहला 7 मार्च(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वैभव संकुल



संगठन के (अधिवेशन) आमसभा मे मुख्य अतिथि माननीय इन्द्र शाह मांडवी संसदीय सचिव छ.ग. विधायक मोहला मानपुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी माननीय गोपाल सिह कवर, गाव के पटेल चेतन साहू, विधायक प्रतिनिधि परदेशी राम भुआर्य संकुल उपस्थित थे संकुल संगठन की अध्यक्ष श्रीमती हेमिन तारम द्वारा संकुल की उपलब्धियों को बताया गया, सचिव श्रीमति खेमिन बघेल द्वारा संकुल के आगामी वित्ती वर्ष के कार्ययोजना को प्रस्तुत किया गया और कोषाध्यक्ष श्रीमती तीजन बाई द्वारा वित्ती अभिलेखों और अंकेक्षण का प्रस्तुतिकरण किया गया , माननीय इन्द्र शाह मंडावी द्वारा अपने उदबोधन में संकुल संगठन की उपलब्धियों और महिलाओ के उत्कृष्ट कार्यो की प्रशंसा की, कहा की महिलाओं का आजीविका से जुड़ना आर्थिक स्थिति को मजबूत करना है, संकुल संगठन दंनगढ के सराहनीय कार्य कर रहे हेमकुवार, कविता ,तीजन , हेमिन, खिलेश्वरी साहू , द्रोपति तिवारी , खेमिन, मान बाई, शशि देवांगन लेखापाल सम्मानित किया गया संकुल संगठन के पी आर पी श्रीमति कुमारी साहू और संकुल प्रभारी मनोज कुमार आर्य को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया समुह की दीदियों द्वारा बहुत ही मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रस्तुतिकरण किया गया एनआरएलएम के एडीओ एवम प्रभारी बीपीएम मदन उईके सर ने इतने भव्य आयोजन की प्रशंसा की और संकुल संगठन को शुभकामनाए दी।

### व्यापारियों ने अमेजन और फ्लिपकार्ट के पुतलों की होली जलाई: अमर पारवानी

**रायपुर 7 मार्च।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल एवं मीड़िया प्रभारी संजय चौंबे ने बताया कि सरकार की एफडीआई नीति के निरंतर घोर उल्लंघन और अमेज़न एवं फ्लिपकार्ट जैसी विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों की मनमानी के खिलाफ अपना कड़ा विरोध और आक्रोश दर्ज कराने के लिए, कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के झंडे तले व्यापारियों ने अमेजन एवं फ्लिपकार्ट के पुतलों दहन किया।

# साहू एवं गेडाम शिक्षक की दी गई विदाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 7 मार्च।** ग्राम पंचायत रानीतराई आश्रित ग्राम आलीखुटा में शासकीय प्राथमिक शाला प्रधान पाठक पी एल गेडाम एवं पूर्व माध्यमिक शाला शिक्षक के आर साहू के विदाई समारोह के मुख्य अतिथि निखिल द्विवेदी सदस्य पर्यटन मंडल छत्तीसगढ़ शासन अध्यक्षता रोशनी वैष्णव क्षेत्रीय जनपद सदस्य विशेष अतिथि डॉ राजेंद्र साहू सरपंच रानीतरई लोकेश गंगवीर सरपंच धामनसरा डॉ निधेश शर्मा संकुल प्रभारी कुलदीप देवांगन संकुल समन्वयक व्यायाम शिक्षक संतोष देशमुख अतिथि में मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर विदाई समारोह का शुभारंभ किया गया तथा बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया गांव वाले में इन शिक्षकों के सेवा के लिए श्रीफल प्रतीक चिन्ह एवं शाल भेंट कर गांव वाले उत्साह पूर्वक सम्मान किया गया रोशनी वैष्णव ने शिक्षकों योगदान से आज सभी लोग शिक्षित होकर शासकीय कार्य एवं समाजिक कार्यकर्ता जैसे कार्य कर रहे शिक्षक हमारे समाज दर्पण के समान है शिक्षक बिना भेदभाव के बच्चों पढ़ाई कराती है आज सम्मान समारोह आयोजन से सभी भावुक गांव हुए शिक्षकों अच्छी सेवा दिया है शिक्षकों ने अपने विदाई में शाला को स्मार्ट टीवी प्रदान किया शत् शत् नमन करती हु तथा छत्तीसगढ़ सरकार मुख्य मंत्री भूपेश बघेल जी ने छात्रवृत्ति वृद्धि एवं रसोईया सफाई कर्मचारी मानदेय वृद्धि किया सभी बधाई देती हु मुख्य मंत्री आभार व्यक्त करती हु प्राथमिक शाला अध्यक्ष श्रीमती अनीता यादव उत्तम दास सोनबोईर एवं पूर्व माध्यमिक शाला अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू ओम प्रकाश साहू गिरधर साहू धनवार पटेल ग्राम छवि लाल साहू शिक्षक वाई के एच एन नेताम जनक साहू छबील साहू चंदन मानसिंग कविता चिमन अनिता यादव ओकेशवर साहु सहित ग्राम वासियों बड़ी संख्या में विदाई समारोह शामिल हुआ।


### आघोषित रूप से संचालित चिचोला रोड पर अवैध शराब की बिक्रीआबकारी विभाग मौन



**छूरिया 7 मार्च(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सूत्रो के हवाले से खबर पिछले कूछ समय सरकारी शराब भट्ठी इसी चिचोला रोड मे हूआ करता था जिसपे नगर के कूछ व उसी रोड मे स्थित कूछ लोग बकायदा एक शिकायत प्रस्तुत किये थे की इस सरकारी शराब दूकान को कही दूसरे तरफ या और कही ले जाया जाये और उक्त शिकायत पत्र मे मोहल्ले के कूछ लोगो द्वार बकायदा सिग्नेचर करवाया गया शिकायत पत्र मे करण जो बताया गया की इस रोड पर पढाने लिखने वाले बच्चे आते जाते है और भारी भीड भाड होने के वजह से लेडीसो का भी इस रोड पर घर से निकलना दूभर हो जाता है निरंतर गाडीयो का भी आन जान है और सरकारी शराब भट्ठी हट भी गया कूछ समय बाद लेकिन आज की जो इसतिथी है उसी रोड पर आघोसित रूप से संचालित बार अब बच्चे पढाने नही जाते घूमने फिरने मे अब लोक लज्जा नही लगता कहा है वो शिकायत कर्ता लोग जो मूकदर्शक बने हूए नजर आते है इससे ये महसूस होता है की वो सिर्फ एक वेक्ती विशेष के लिऐ बनाया गया आवेदनपत्र था।

# शांति व्यवस्था बनाए रखने गुंडे-बदमाशों की परेड

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 7 मार्च।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री अभिषेक मीना के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले के मार्गदर्शन में आगामी होली एवं शब-ए-बारात त्यौहार के मद्देनजर जिले के थाना/चौकी क्षेत्र के जितने निगरानी, माफी, गुण्डा बदमाश एवं हिस्ट्रीशीटर है उनको उनके फाईल सहित थाना प्रभारियों को कंट्रोल रूम में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके पालन में राजनांदगांव अनुभाग के सभी थानों के गुंडो बदमाशों को पुलिस कंट्रोल रूम में उपस्थित किया गया जहां नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल द्वारा कंट्रोल रूम पहुंच कर निगरानी बदमाश, माफी बदमाश, गुण्डा बदमाश एवं हिस्ट्रीसीटरों की परेड ली गई और उन्हें परेड के दौरान उनका गुजर बसर के सबंध में पूछताछ कर वर्तमान में उनके चाल चलन का विस्तृत जानकारी लिया गया, सभी के फाईल खंगाले साथ ही थाना प्रभारियों को उनपर सतत् निगाह रखने को कहा गया तथा अनुविभाग में नये बदमाशों व आपराधिक तत्वों का निगरानी खोलने व हिस्ट्रीशीट तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया। इस कार्यवाही के दौरान थाना प्राभारी कोतवाली, बसंतपुर, लालबाग, सोमनी, ओ.पी. चिखली, सुरगी, तुमड़ीबोड़ व स्टाफ उपस्थित थे। इसी प्रकार थाना डोंगरगढ़, डोंगरगांव, घुमका, ओ.पी. चिचोला में भी निगरानी, माफी, गुण्डा बदमाश एवं हिस्ट्रीशीटर को थाना लाकर होली एवं शब-ए-बारात त्यौहारों को सौहार्दपूर्ण मनाये एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस का सहयोग करने हेतु सख्त समझाईश देकर छोड़ा गया।

### बजट का चेंबर ने किया स्वागत

**रायपुर 7 मार्च।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज विधान सभा में प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय श्री भूपेश बघेल जी द्वारा बजट बजट पेश किया गया । बजट में किसी भी प्रकार का नया कर नहीं लगाया गया जो स्वागत योग्य है। प्रस्तुत बजट ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने वाला बजट रहा साथ ही उद्योग प्रोत्साहन हेतु होलसेल कोरिडोर, अतिरिक्त पूंजी निवेश तथा प्लास्टिक पार्क के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य एवं प्रदेश के सर्वागीण विकास पर आधारित बजट है। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने कहा कि मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल जी द्वारा प्रस्तुत बजट प्रदेश के आर्थिक विकास की आधारशिला है।

### भूपेश है तो भरोसा है वाला बजट:गोविंद साहू

**अंवरी 7 मार्च।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री माननीय श्री भूपेश बघेल जी ने विधानसभा में बजट 2023-24 का बजट पेश किया, जिसमें खासकर किसान,मध्यमवर्ग, गरीब, मजदूर,आदिवासी, महिलाओं एवं युवाओं के जीवन स्तर को सुधारने एवं विकास की ओर अग्रसर करने वाला बजट है। जिला पंचायत सभापति श्री गोविंद साहू इस बजट का स्वागत करते हुए कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इस बजट में छत्तीसगढ़ के सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए सभी के हितों एवं चहुमुंखी विकास के लिए बजट बनाया है। इस बजट में विशेषकर शिक्षित बेरोजगार युवाओं, निर्धन कन्याओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, स्कूलों की सफाई कर्मियों, मध्यान भोजन रसोईया सहित किसानों, ग्राम कोटवारो, ग्राम पटेलो, गौठान समितियों को विशेष रूप से फायदा पहुंचाया है। इस बजट में माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी विभागो को जैसे- शिक्षा, स्वास्थ्य -चिकित्सा, कृषि,पशुपालन, निर्माण कार्यों, वानिकी, मनरेगा, आत्मानंद स्कूल, महाविद्यालय, प्रयोगशाला एवं अनुसंधान केंद्र आदि क्षेत्रों में विशेष बजट का प्रावधान किया है जिससे छत्तीसगढ़ का चहुंमुखी विकास हो सके । छत्तीसगढ़ की प्रमुख तीज-त्योहारों, पारंपरिक खेलकूद, लोकगीतों, लोक नृत्य, छत्तीसगढ़ी ओलंपिक खेल-कूद एवं छत्तीसगढ़ की संस्कृति को विशेष जोर देकर छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया है। छत्तीसगढ़ सरकार ने मां कौशल्या धाम चंदखुरी में रामलीला मंचन रामायण आयोजन के लिए विशेष बजट का प्रावधान तथा रामवन गमन पथ का सौंदरीकरण करके भगवान श्री रामचंद्र जी की आदर्शों को जन- जन तक पहुंचाने का प्रयास किया है। छत्तीसगढ़ सरकार ने हमारी छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्त्व को देश और दुनिया तक पहुंचाया है,आज पूरे देश में छत्तीसगढ़ मॉडल का ही चर्चा बनी हुई है।

## जीर्ण-शीर्ण सड़कों की मरम्मत के कार्यो के विभिन्न प्रस्तावों को स्वीकृति दी

# एमआईसी ने वित्त वर्ष 2023-24 के बजट अनुमान की अनुशंसा सर्वसम्मति से की




**रायपुर 7 मार्च।** आज नगर निगम रायपुर की मेयर इन काउंसिल की बैठक महापौर श्री एजाज ढेबर की अध्यक्षता एवं आयुक्त श्री मयंक चतुर्वेदी, एमआईसी सदस्य सर्वश्री ज्ञानेश शर्मा, श्री कुमार मेनन, नागभूषण राव, सुन्दर लाल जोगी, आकाश तिवारी, रितेश त्रिपाठी, सुरेश चन्नावार, सहदेव व्यवहार, अजीत कुकरेजा, श्रीमती अंजनी राधेश्याम विभार, श्रीमती द्रौपती हेमंत पटेल, अपर आयुक्त सर्वश्री अभिषेक अग्रवाल, सुनील चंद्रवंशी, अरविंद शर्मा, शैलेन्द्र पाटले, पंकज शर्मा, मुख्य अभियंता श्री आर.के. चैबे, निगम सचिव श्री विनोद पाण्डेय, जोन कमिश्नरगणों, अधीक्षण अभियंताओं, कार्यपालन अभियंताओं, विभागों के प्रभारी अधिकारियों की उपस्थिति में हुई । जिसमें वित्त लेखा एवं अंकेक्षण विभाग की ओर से दिये गये प्रस्ताव के अनुरूप प्रतिवर्षानुसार आगामी वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट अनुमान एवं वित्तीय वर्ष 2022-23 के पुनरीक्षित बजट की जोन कार्यालयों एवं विभागाध्यक्षों से एकत्र कर तैयार बजट प्रस्तावों की स्वीकृति को एमआईसी ने सर्वसम्मति से नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक में रखने अनुशंसा की ।

एमआईसी ने अधोसंरचना मद के तहत नगर निगम रायपुर क्षेत्र के अंतर्गत जीर्ण शीर्ण सड़कों की मरम्मत एवं बीटी रिनिवल, पार्ट होल, पेच रिपेयर कार्य फेस 1 हेतु 2 करोड 7 लाख 62 हजार रू. फेस 2 हेतु 2 करोड 7 लाख 62 हजार रू. , फेस 3 हेतु 2 करोड 7 लाख 62 हजार रू, फेस 4 हेतु 2 करोड 59 लाख 97 हजार 500 रू. के लोककर्म विभाग के प्रस्ताव अनुसार विचारोपरांत स्वीकृति प्रदान कर दी है। शहरी गरीबी उपशमन एवं समाज कल्याण विभाग के प्रस्ताव अनुसार निराश्रित पेंशन योजना के सभी 10 जोनो से प्राप्त 253 सभी पात्र नवीन प्रकरणों एवं जोन 3, 6, 7, 8, 9 से राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के तहत प्राप्त सभी 53 प्रकरणों को सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गई है। महापौर श्री एजाज ढेबर के नेतृत्व में एमआईसी ने अमृत मिशन योजना के तहत ग्राम कारा एवं निमोरा में निर्मित 35 एमएलडी एवं 90 एमएलडी क्षमता के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का लोकार्पण 27 जुन 2022 को करने उपरांत नियमित संचालन किया जा रहा है। दोनो सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से प्राप्त हो रहे उपचारित जल की मांग हेतु औद्योगित संस्थानों से लिखित में प्रस्ताव प्राप्त हुए है। औद्यौगित इकाई हीरा स्टील लिमिटेड ने 2000 के.एल.डी, व्ही. राजेश स्टील लिमिटेड ने 7000 के.एल.डी, आर.आर. इस्पात लिमिटेड ने 100 के.एल.डी, आलोक फेरो एलाइज लिमिटेड ने 1000 के.एल.डी. , हीरा फेरो एलाइज लिमिटेड ने 900 के.एल.डी. प्रतिदिन वांछित उपचारित जल की मात्रा की मांग की है। इस संबंध में एसएमपीएमसी मेसर्स पुराणिक ब्रदर्स द्वारा वर्तमान में प्रचालन एवं अनुरक्षण व्यय सहित उपचारित जल की लागत राशि 6 रू. प्रति किलो लीटर एसटीपी स्थल पर आकलन किया गया है।

## संपादकीय

# भूपेश बघेल सजग नेता हैं

राजनीति में नेता का सजग रहना बहुत जरूरी होता है। जो नेता अपने राजनीतिकि हित व नुकसान के प्रति सजग नहीं होता है उसे विरोधी दल कब नुकसान पहुंचा देते हैं, उसे पता नहीं चलता है। राजननीतिक फायदा वही उठा सकता है जो सजग होता है, राजनीतिकि नुकसान से बच भी वहीं सकताहै जो सजग होता है। भूपेश बघेल कांग्रेस के नेताओं में पार्टी के हित व नुकसान के प्रति सबसे ज्यादा सजग रहने वाले नेता हैं। इससे पहले पार्टी को विरोधी दल नुकसान पहुंचाएं,भूपेश बघेल उसे समझ जाते हैं तथा नुकसान से बचने का उपाय सोच लेते हैं, नकुसान की भरपाई की कोशिश करते हैं। यह भी सोच लेते हैं कि राज्य के लोगों को हो रहे नुकसान के लिए विरोधी दल को कैसे दोषी बताया जा सकता है। कांग्रेस ने कई वादे पूरे नहीं किये हैं, कई काम वह पूरे नहीं कर सकी है। इनमें एक काम है, पीएम आवास निर्माण का। पीएम आवास योजना केंद्र सरकार की योजना है, इस योजना के तहत केंद्र सरकार व राज्य सरकार दोनों के पैसे से गरीबों को पक्का मकान बनाकर दिया जाता है, इसके लिए 60 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार देती है तथा 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार देती है। हुआ यह है कि राज्य में केंद्र सरकार ने तो अपनी राशि दे दी, लेकिन राज्य सरकार अपनी राशि नहीं दे सकी इससे राज्य में लाखों गरीबों को पीएम आवास योजना के तहत आवास नहीं मिल सका है। इसके लिए भाजपा गांव गांव जाकर ऐसे लोगों से मिल रही है, जिनको पीएम आवास मिलना था लेकिन राज्य सरकाार की लापरवाही के कारण नहीं मिल सका। उन्हें बता रही है कि केंद्र सरकार तो गरीबों को पक्का मकान देना चाहती है, इसके लिए राज्य सरकार को पैसा भी दे दिया गया है लेकिन राज्य अपना पैसा नहीं दे रही है, इससे गरीबों को पक्का मकान नहीं बन रहा है। इससे राज्य में भूपेश सरकार जो न्याय योजना, गोधन योजना, भूमिहीन मजदूर न्याय योजना के जरिए अपनी छबि गरीब, किसान हितैषी सरकार की बनाई थी, वह धूमिल हो रही है। इससे तो सरकार की छबि गरीब विरोध सरकार की बन रही है। अपनी इस छबि को बचाने के लिए जरूरी है कि सरकार ऐसी कुछ करती जिससे उसकी गरीब विरोध छबि की जगह गरीब हितैषी छबि फिर से बने। अपनी गरीब हितैषी छवि बनाने के लिए सरकार ने यह घोषणा की है कि केंद्र सरकार तत्काल आवासहीन गरीबों का पता लगाने के लिए सर्वे कराए। यदि केंद्र सरकार आवासहीन गरीबों के लिए तत्काल सर्वे नहीं कराती है तो राज्य सरकार खुद आवासहीन गरीबों का पता लगाने के लिए खुद ही अगले एक दो महीने में सर्वे कराएगी। भूपेश सरकार का मानना है कि जनगणना न होने से यह पता ही नहीं है कि राज्य में कितने आवासहीन है। आवासहीनों को आवास देने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि यह पता रहे कितने आवासहीन हैं। राज्य सरकार जानती है कि भूपेश बघेल सरकार के कहने पर को केंद्र सरकार पूर े देश में आवासहीनों की सर्वे नहीं करा सकती। इससे भूपेश बघेल सरकार को यह कहने का मौका मिलेगा कि केंद्र सरकार आवासहीनों को घर देने के लिए सर्वे नहीं करा रही है,इसलिए यह सर्वे राज्य सरकार कराएगी। यानी भूपेश बघेल ने गेंद केंद्र सरकार के पाले में डाल दी है तथा कहा है कि राज्य सरकार गरीबों को पक्का मकान देना चाहती है, इसके लिए जरूरी सर्वे केंद्र सरकार नहीं कराएगी तो राज्य सरकार सर्वे कराकर आवासहीनों को आवास देगी। इससे भाजपा राज्य सरकार की गरीब विरोधी जो छवि बना रही है, उस पर रोक लगेगी। भाजपा के अभियान से राज्य सरकार को जो राजनीतिक नुकसान होता वह नहीं होगा। भाजपा सरकार के इस हथकंडे को समझ गई है कि वह गेंद भाजपा के पाले में डालकर गरीबों को मकान न देकर भी गरीबों को मकान देनेवाला बनना चाहते हैं, इसलिए भाजपा ने कहा है कि आवासहीन गरीबों के लिए राज्य में सर्वे की कोई जरूरत नहीं है। सरकार को आवासहीन लोगों को सूची भाजपा दे सकती है। भाजपा व कांग्रेस के बीच में तू डाल डाल तो मैं पात पात का खेल चल रहा है। गरीबों के लिए पक्का मकान एक बड़ा सपना होता है, वह मिलता है तो उन्हें बड़ी खुशी मिलती है तथा वह देने वाले को भूलते नहीं है। पीएम मोदी के देश में लोकप्रिय होने का एक कारण यह भी है कि वह गरीबों को पक्का मकान देने वाले नेता है। गरीब उन्हें पक्का मकान देने वाला मानते हैं. जो भी इसमे बाधा डालता ह ै, वह उसे भूलते नहीं हैं तथा उसके साथ खड़े नहीं होते हैं, उसे वोट नहीं देते हैं, पीएम मोदी की दोबार की जीत में गरीबों व महिलाओं के वोट एक प्रमुख कारण रहा है। भाजपा इस वोट बैंक का मजबूत बनाने का प्रयास करती है। उसका उसे फायदा मिलता है।

## होलिका दहन के बाद सूतक

**प्रज्ञेश निगम**

होली जलने के बाद लगता है सूतक , यह प्रथा शहरों में तो लगभग लुप्त सी हो चुकी है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रो में यह रस्म आज भी निभाई जाती है जैसा कि बड़े बुजुर्गों को करते देखें है। होलिका दहन होते ही पूरे गांव में सूतक शुरू हो जाता है। जैसे किसी व्यक्ति की मृत्यु पर सूतक लगता है। अंतर सिर्फ इतना ही होता है कि किसी व्यक्ति की मृत्यु पर केवल उसके परिवार में सूतक लगता है, और होली पर पूरे गांव में...। होलिका दहन के बाद धुलेड़ी / रंगोत्सव की सुबह महिलाएं घर की साफ-सफाई करके लिपाई-पुताई करती हैं। प्रत्येक घर से पुराने झाड़ू और मिट्टी के बर्तन घड़े आदि को घर से बाहर निकाला जाता है। रात का बचा हुआ भोजन सुबह कोई नही खाता है गौमाता को खिला दिया जाता है। पुराने झाड़ू और मिट्टी के घड़े आदि को लेकर हर घर के पुरुष वर्ग गांव के बार मेड़े (गांव के बाहर स्थित देव स्थान) में पहुंचते है और साथ मौजूद गांव के पंडा द्वारा निकाई (किसी चीज को बाहर फेंकने) की रस्म किया जाता है। ऐसा माना जाता है कि सूतक में घर की झाड़ू या अनुपयोगी सामग्री बाहर कर देने से खुशियां आती हैं। नकारात्मक चीजें दूर हो जाती हैं। फिर सभी लोग यहां से सीधे नदी या तालाब में जाते है। जहाँ बाल दाढ़ी हजामत आदि बनवाकर , शुध्द स्नान आदि के बाद ही अपने अपने घर आते है। और जनेऊ तथा मौलीधागा बदल कर गंगाजल आदि पूरे घर मे छिड़क कर पवित्र शुध्द करते है। जब गांव के पुरुष मेड़ा के रस्म व स्नान करने गये रहते है तब महिलायें घर की लिपाई पुताई करके बची रद्दी सामान आदि को लेकर गांव के बाहर फेंकते हुए स्नान के लिये नदी तालाब के लिए रवाना होती हैं। जब वे नदी-तालाब से नहाकर लौट आती है इसके बाद ही घर में नेवज (नवा पानी) बनाते है , कुल देवी देवता के पूजन तथा भोग लगाने के लिये तरह तरह के व्यंजन बनाते है। पुरुष वर्ग पूरे परिवार सहित कुल देवी देवता की पूजा करते है फिर प्रसाद ग्रहण करने के बाद खाने-पीने का क्रम शुरू होता है। गांव भर के भाई बंधुओ , गोत्रज तथा पौनी पसारी आदि को भी भोजन में बुलाकर सम्मान पूर्वक भोजन कराते है। साल में कम से कम 2 बार तथा विवाह व जन्मोत्सव में कुलदेवी देवता की पूजन जरूर करना चाहिए।

नेवज भोजन के बाद मध्यान्ह समय से गांव के बाहर जली हुई होलिका की राख उड़ाई जाती है इसलिए इसे धुलेड़ी कहते है । इस तरह रंग गुलाल लगाकर एक दूसरे को शुभकामनाएं देते है।फिर बच्चे होली खेलना शुरु करते हैं। गांव में फागों या भी शानदार आयोजन होता है, जो अनवरत कई दिन तक चलता है। रस्म निभाए जाने के बाद गांव रंग में भीग जाता है। फागुनी गीतों की तान छिड़ जाती है।

**होलिका सूतक के वैज्ञानिक कारण**-पहले मकान कच्चे होते थे। सादगी पूर्ण जीवन होता था विलासिता के सामग्री नही होते थे , हर मौसम के ऋतु परिवर्तन संधिकाल में कीट पतंगे जीवाणु कीटाणु रोगाणु बढ़ जाते थे। इसलिये लोग दीपावली की तरह ही होली पर भी घरों की सफाई करते थे। होली पर घर की सफाई से निकले कचरे और घरों के समीप बाड़ियों में लगी पुरानी लकड़ियां होलिका में जला दिया जाता था। इसके बाद घरों पर नई बाड़ लगाई जाती थी। लकड़ियों के साथ अंडी (एक तरह का औषधीय पौधा) भी जलाई जाती थी, जिससे वायरस व कीट पतंगे नष्ट हो जाते थे।

**तीन बार लगता है सूतक**- वैदिक सनातन धर्म में निम्न प्रकार से सूतक का उल्लेख है। एक सूतक तब मनाते है जब घर परिवार में किसी की मृत्यु हो जाती है। यह सूतक दस दिन तक यानी दशगात्र तक चलता है। घर की साफ-सफाई, घर की शुद्धता पर दशगात्र के बाद ही सूतक खत्म होता है। इसके बाद दिवंगत आत्मा की शांति के लिए पाठ, पूजन, त्रयोदशी आदि होती है। **दूसरा सूतक जन्म सूतक** - घर में प्रसव यानी शिशु के जन्म का होता है। इसके सोहर भी कहते हैं, जो सामान्यतया कुल परम्परा के अनुसार छठी , दसठान , बरही , इक्कीसा , सवा महीने तक भी चलता है। **तीसरा सूतक** - चंद्र व सूर्य ग्रहण के समय मनाया जाता है, जो कि ग्रहणकाल से 10/12 घण्टे पूर्व से आरम्भ होकर केवल ग्रहणकाल की अवधि तक माना जाता है। होली में भी सूतक मनाने की प्राचीन परम्परा है जो होलिका दहन के बाद शुरू होता है जिसकी शुद्धि दूसरे दिन सुबह स्नान तथा घर की साफ सफाई आदि से हो जाता है। यह प्रथा अब लुप्त सी होते जा रही है। लेकिन यथा सम्भव उपरोक्त समस्त सूतक का पालन हर हिंदुओ को करना चाहिये , शुद्धि अशुद्धि का प्रभाव ही घर परिवार को सुखी या दुखी जीवन प्रदान करता है।

# वादा - विमुखों के लिए अशुभ होली

**होली व्यंग्य**

**डॉ सूर्यकांत मिश्रा**

सनातन धर्मी नक्षत्र प्रभाव को महत्त्व देते हुए ज्योतिषियों की भविष्यवाणी पर विश्वास करने वाले होते हैं । बच्चे का जन्म हो या फिर नामकरण , शादी के लिए वर - वधू की तलाश के साथ-साथ नक्षत्र और गुण मिलान भी इसी सनातनी परंपरा का हिस्सा रहा है । ठीक इसी तरह हमारे भारतवर्ष में मनाए जाने वाले सभी पर्व - त्यौहार भी नक्षत्रों पर आधारित हैं । हिंदू धर्म को अंगीकार करने वाले यह भी जानते हैं कि सभी त्योहारों में सबसे अलग , रंगों का पर्व होली होता है । इस पर्व में ना कोई अमीर और ना ही कोई गरीब होता है । सभी एक रंग में रंग कर भाईचारे का प्रतीक नजर आते हैं । इसी रंगों के पर्व पर इस बार भविष्यवाणी को अपनी रंगीन पिचकारी में भरकर रंगों की बौछार करने का मन हो रहा है । हम सब यह तो भली-भांति जानते हैं कि रंगो भरा पर्व होली , समाज का हर वर्ग पूरे उत्साह के साथ खेलता रहा है । जहां बच्चों की होली बड़ी उन्मुक्त होती है , वहीं बुजुर्ग इसे बड़ी ही शालीनता के साथ खेला करते हैं । नव - वधू और उनके जीवन साथियों की होलि का उमंग कुछ अलग ही अंदाज में नजर आता है । समाज के सभी वर्गों की होली आज मेरे चेतन और अचेतन मन में हिरणी की चाल में कुलांचे भर रही है । होली का मजा जरूर लेना चाहिए , क्योंकि यह वह पर्व है जो बासंती रंग के साथ हमारी अपनी संस्कृति को भी नयनाभिराम रंगों से रंग जाता है । मैंने आज कुछ जरूरी सावधानी के साथ इसे लिखने का प्रयास किया है। समाज के किसी भी वर्ग को होली खेलने से रोकना उनके अधिकारों का हनन हो सकता है । मेरी अपनी मित्र मंडली में ऐसे लोगों की कमी नहीं है जिनके सिर से बालों की फसल ने विदाई ले ली है । सीधे शब्दों में कहूं तो मेरे गंजे मित्रों की होली का दृश्य कुछ अलग होता है । मैं अपने सभी गंजत्व धारी मित्रों से निवेदन करता हूं , कि रंगों के पर्व का आनंद लेने से पूर्व वे अपने चांदनुमा मैदान पर कव्हर अवश्य डाल लें । यह आवरण किसी टोपी के रूप में हो सकता है ।

ज्यादा अच्छा हो कि अपने शरीर के हार्ड डिस्क को हेलमेट जरूर प्रदान करें । यह भी हो सकता है कि गंजे स्थान पर खुजली भी अपना आक्रमण ना छोड़े । ऐसा होने पर कृपया हेलमेट को शरीर से अलग ना करते हुए अंदर कंघी डालकर खुजली का प्रतिकार करें । रंगो की टोली में जाने से पूर्व इतनी सावधानी जरूर बरतें कि किसी प्रकार का नकली या केमिकल वाला रंग आपके हार्ड - डिस्क पर ना डाला जाए । थोड़े बहुत नक्षत्र ज्ञान को जानते हुए



मैं अपने दिलो - जान से स्नेहिल मित्रों को यही सलाह देना चाहता हूं , कि नकली या नुकसान पहुंचाने वाले रंग कहीं हार्ड - डिस्क से रिसते हुए मस्तिष्क के भीतर प्रवेश कर गए तो , नक्षत्र - विज्ञान के हिसाब से मस्तिष्क की नसें फूल सकती हैं और हार्ड - डिस्क वायरस की चपेट में आकर आपको विक्षिप्त कर सकता है ।

होली के पर्व पर सबसे अधिक उतावलापन जिस वर्ग में दिखाई पड़ता है वह है विद्यार्थी वर्ग । मैं अपने ज्ञान के आधार पर कह सकता हूं कि इस बार का रंगोत्सव विद्यार्थी वर्ग के लिए सबसे अधिक शुभ फलदाई है । कारण यह कि परीक्षाएं प्रारंभ हो चुकी है । पूरे वर्ष विद्यार्थियों को पढ़ने - लिखने का समय नहीं मिल पाया है । इसलिए घबराने जैसी कोई बात नहीं होनी चाहिए । वैसे भी हमारे देश में पढ़े - लिखे और उच्च शिक्षित लोगों के लिए रोजगार नहीं है । अब उस कहावत के दिन लग चुके हैं– जिसमें कहा जाता था पढ़ोगे लिखोगे तो बनोगे नवाब , खेलोगे कूदोगे तो बनोगे खराब ....अब समय बदल चुका है । आज पढ़ने के स्थान पर क्रिकेट खेलना सीख गए या फुटबॉल और कबड्डी के जांबाज बन गए तो , यह निश्चित है कि नौकरी तो मिलेगी ही साथ ही देश और विदेश की सुंदर कन्याऐं आपको वरने बेचैन हो उठेंगी । विज्ञापन की दुनिया का धन भी आप पर ही बरसेगा । यदि पढ़ - लिखकर पास होना भी चाहें तो , कौन सी बड़ी बात है । बाजार में रेडीमेड प्रश्न - उत्तर छपे- छपाए सस्ते दामों पर उपलब्ध है । फिर नाहक ही वर्ष भर कोरे पन्नों को क्यों गोदा जाए ? एक सलाह अपने विद्यार्थियों को जरूर देना चाहूंगा , वह यह कि परीक्षा - कक्ष में जाने से पहले प्रश्नों को समझने और उत्तर लिखने की जवाबदारी बजरंगबली पर छोड़ दें । उन्हें प्रसन्न करने के लिए मंदिर में प्रसाद चढ़ा कर ही परीक्षा देने जाएं । यह भविष्यवाणी सटीक उतरेगी कि यह होली विद्यार्थी वर्ग के लिए वरदान बन कर आई है ।

हमारे देश में कोई भी पर्व ऐसा नहीं बीतता जिसमें राजनीति के धुरंधरों की भूमिका ना हो । मेरी इस भविष्यवाणी का कोई काट नहीं कि इस बार की होली राजनीतिज्ञों के लिए अशुभ है । हमारे देश की राजनीति दलों के रूप में दल- दल बन चुकी है । इस दल- दल में जिसने नूरा -कुश्ती जीत ली, वह राजगद्दी का हकदार हो जाता है । मेरी ज्योतिष विद्या राजनीति के नए - नवेले मल्लों से लेकर मल्ल- युद्ध के महारथियों को आगाह करना चाहती है कि इस होली वे सम्हल कर रहें । रंगों का पर्व उनके लिए कष्टें का अंबार लेकर आ रहा है । सीधे-सीधे कहूं तो समाज के किसी भी वर्ग से अधिक अशुभ फल इस बार राजनीतिज्ञों को मिलने वाला है । बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से आम जनता त्रस्त है । आगामी गद्दी युद्ध से पूर्व का शायद यह बड़ा पर्व है । इससे पूर्व सभी प्रकार का चिंतन जनप्रतिनिधियों के लिए जरूरी है । रंगो के पर्व पर उल्लास के लिए जरूरी रंग - गुलाल के दाम भी महंगाई से नहीं बच पाए हैं । टैक्स के बोझ तले आम जन - जीवन घुटन महसूस कर रहा है । जिन वायदों पर गद्दी में आसीन लोगों ने गद्दी पाई थी , वे वायदे पूरे नहीं हो पाए हैं । जहां तक मेरी नजरें नक्षत्र - विज्ञान के प्रभावों को देख और पढ़ पा रहे हैं , उनके आधार पर यह कह सकता हूं कि महंगे रंग - गुलाल के स्थान पर जनप्रतिनिधियों का स्वागत जनता जनार्दन धूल-धमाल के साथ ही करेगी । मेरी यही सलाह है कि इस होली मंत्री- संत्री , अध्यक्ष , महापौर ,सांसद , विधायक, पार्षद , जनपद और पंचायतों की कमान संभाल रहे लोग घरों में ही घुसे रहें । ज्यादा अच्छा होगा कि अपने विचलित मन को शांत रखने के लिए जनता को दिए गए घोषणा पत्रों का सस्वर पाठ करते रहें !

रंगो के पर्व पर अंतिम भविष्यवाणी उस वर्ग के लिए भी करना चाहता हूं जो खुद को बुद्धिजीवी समझ बैठे हैं । तथा- कथित बुद्धिजीवियों के लिए रंगों का पर्व विशेष कोप लेकर आ रहा है । फाल्गुन मास की यह रंगों भरी पूर्णिमा ऐसे बुद्धिजीवियों के लिए पूरणमास हो सकती है । अतः सलाह के तौर पर यही कह सकता हूं कि अपनी बुद्धिमत्ता का तीर घर के भीतर चलाने से भी बचें , अन्यथा प्रक्षेपास्त्र आपकी बुद्धि को तहस-नहस कर सकता है । ज्यादा अच्छा हो कि आप अपना बिस्तर ही ना छोड़ें । रंगो के पर्व के शांत होने के बाद ही स्नान- ध्यान करें और घर पर ही मौन व्रत धारण कर अपने रंगों के पर्व को खुशनुमा बनाने का प्रयत्न करें । मेरे सभी साथियों और इस होली के व्यंग में शामिल हुए सभी वर्गों को रंगो भरी बधाई देते हुए मैं खुद ही सावधानी के चक्रव्यूह में उलझ गया हूं।

अंत में विदा लेने से पूर्व यही कहना चाहता हूं– होली है भई होली है , बुरा न मानो होली है।

# होली है नफरत को प्यार में बदलने का रंग-पर्व

**पर्व**

**ललित गर्ग**

बदलती युग-सोच एवं जीवनशैली से होली त्यौहार के रंग भले ही फीके पड़े हैं या मेरे-तेरे की भावना, भागदौड़, स्वार्थ एवं संकीर्णता से होली की परम्परा में धुंधलका आया है। परिस्थितियों के थपेड़ों ने होली की खुशी को प्रभावित भी किया है, फिर भी जिन्दगी जब मस्ती एवं खुशी को स्वयं में समेटकर प्रस्तुति का बहाना मांगती है तब प्रकृति एवं परम्परा हमें होली जैसा रंगारंग त्योहार देती है। इस त्योहार की गौरवमय परम्परा को अक्षुण्ण रखते हुए हम एक उन्नत आत्मउन्नयन एवं सौहार्द का माहौल बनाएं, जहां हमारी संस्कृति एवं जीवन के रंग खिलखिलाते हुए देश ही नहीं दुनिया में अहिंसा, प्रेम, भाई-चारे, साम्प्रदायिक सौहार्द के रंग बिखेरे। पर्यावरण के प्रति उपेक्षा एवं प्रदूषित माहौल के बावजूद जीवन के सारे रंग फीके न पड़ पाए।

होली एक ऐसा त्योहार है, जिसका धार्मिक ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक-आध्यात्मिक दृष्टि से विशेष महत्व है। पौराणिक मान्यताओं की रोशनी में होली के त्योहार का विराट् समायोजन बदलते परिवेश में विविधताओं का संगम बन गया है, दुनिया को जोड़ने का माध्यम बन गया है। हमारी संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता है कि यहाँ पर मनाये जाने वाले सभी त्यौहार समाज में मानवीय गुणों को स्थापित करके लोगों में प्रेम, एकता एवं सद्भावना को बढ़ाते हैं। वस्तुतः होली आनंदोल्लास का पर्व है। होली शब्द का अंग्रेजी भाषा में अर्थ होता है पवित्रता। पवित्रता प्रत्येक व्यक्ति को काम्य होती है और इस त्योहार के साथ यदि पवित्रता की विरासत का जुड़ाव होता है तो इस पर्व की महत्ता शतगुणित हो जाती है। प्रश्न है कि प्रसन्नता का यह आलम जो होली के दिनों में जुनून बन जाता है, कितना स्थायी है? डफली की धुन एवं डांडिया रास की झंकार में मदमस्त मानसिकता ने होली जैसे त्योहार की उपादेयता को मात्र इसी दायरे तक सीमित कर दिया, जिसे तात्कालिक खुशी कह सकते हैं, जबकि अपेक्षा है कि रंगों की इस परम्परा को दीर्घजीविता प्रदान करते हुए आत्मिक खुशी का जरिया भी बनाये।

होली रंगों का निराला एवं अनूठा पर्व है और हमारा जीवन ढेर सारे रंगों का एक पिटारा है। यहां हर रंग जुदा है तो दूसरों से मिला हुआ भी। एक रंग, दूसरे से मिलकर तेजी से नया ही रंग-रूप धर लेता है। किसी एक पर अटके रहकर काम चल ही नहीं सकता। यही जीवन लीला है। पर क्या दूसरों के रंगों को अपने में समा लेना आसान होता है? रंगों को कोई तो कैनवस चाहिए ही ना! संकल्प हो तो कितने रंग खिल सकते हैं? सच यह है कि ना ही दूसरों को अपना बनाना आसान है और ना ही दूसरों का होकर रह पाना। जीवन को हर रंग में जीने और स्वीकारने की कला सबको नहीं आती। उसके लिए जरूरत होती है, एक मस्तमौला नजरिए की। समुद्र से मिलने को तत्पर, मीलों बहती रहने वाली नदी की ऊर्जा की। ऊर्जा और आनंद के इसी मेल का प्रतीक है होली का त्यौहार, जो लगातार बदलते रहने के बावजूद बना रहता है, ध्रुव है, सत्य है।

जितने रंग प्रकृति के हैं, उतने ही हमारे हैं और प्रकृति हर पल रंग बदलती है। पुरानी पत्तियां शाख छोड़ती नहीं हैं कि नई खिलनी शुरू हो जाती हैं। पतझड़ और बसंत साथ ही चलते रहते हैं। धरती के भीतर के घुप अंधेरों को चीर कर बाहर निकला बीज, फूल, शाख, पत्तियां और फल के रंग धर लेता है। उगने, डूबने, खिलने, फैलने, मिलने, सूखने, झड़ने, चढ़ने, उतरने और खत्म होने का हर रंग प्रकृति में है और है होली के मनभावन पर्व में। पर प्रकृति हो या होली इनसे उदासीन हम, कुछ ही रंगों में सिमट जाते हैं। गिले-शिकवों, उदासी, तेरे-मेरे, क्रोध और कुंठा में ही अटक जाते हैं। नतीजा, जिंदगी में तनाव और उदासी घिरने लगती है। अर्जेंटीना में तुलनात्मक साहित्य और दर्शन विषय की जानकार प्रो. मारिया ल्यूगोनस कहती हैं, 'अच्छे अर्थो में, स्वीकारने का ही भाव है मस्ती। उसमें तमाम मूर्खताओं की भी जगह है। सही दिशा में खुद को और



अपने माहौल को बनाने और बदलने का जोश ही जिंदगी है।' लेकिन होली जैसे त्यौहारों के बावजूद जीवन के सारे रंग फिके पड़ रहे हैं। न कहीं आपसी विश्वास रहा, न किसी का परस्पर प्यार, न सहयोग की उदात्त भावना रही, न संघर्ष में एकता का स्वर उठा। बिखराव की भीड़ में न किसी ने हाथ थामा, न किसी ने आग्रह की पकड़ छोड़ी। यूँ लगता है सब कुछ खोकर विभक्त मन अकेला खड़ा है फिर से सब कुछ पाने की आशा में। कितनी झूठी है यह प्रतीक्षा, कितनी अर्थ शून्य है यह अगवानी।

हम भी भविष्य की अनगिनत संभावनाओं को साथ लिए आओ फिर से एक सचेतन माहौल बनाएँ। उसमें सच्चाई का रंग भरने का प्राणवान संकल्प करें। होली के लिए माहौल भी चाहिए और मन भी चाहिए, ऐसा मन जहाँ हम सब एक हों और मन की गंदी परतों को उखाड़ फेकें ताकि अविभक्त मन के आइने में प्रतिबिम्बित सभी चेहरे हमें अपने लगें। कलाकार एमी ग्रेंट के अनुसार, 'काला रंग गहराई देता है। इसे मिलाए बिना किसी वास्तविकता को रचा नहीं जा सकता।' जीवन में सुख-दुख दोनों हैं। दोनों एक-दूसरे में बदलते रहते हैं। हमें सुख अच्छा लगता है और दुख में हम घबरा उठते हैं। सारी कोशिशें ही दुखों से बचने की होती हैं। होली का अवसर भी सारे दुःखों को भूलकर स्वयं से स्वयं के साक्षात्कार का अवसर है।

होली दिलों से जुड़ी भावनाओं का पर्व है। यह मन और मस्तिष्क को परिष्कृत करता है। न्यूरोबायोलिस्ट और रिसर्चर सेमिर जैक कहते हैं, 'मस्तिष्क में प्यार और नफरत को जनरेट करने वाली वायरिंग एक ही होती है।' इस भावना की कुछ अलग तरह से व्याख्या करते हैं लेखक और समाजशास्त्री पेजिल पामरोज, 'प्रेम आत्मा के स्तर पर होता है और नफरत भावना के स्तर पर।' होली प्रेम एवं संवेदनाओं को जीवंतता देने का दुर्लभ अवसर है। यह नफरत को प्यार में बदल देता है। यह पर्व बाहरी दुनिया में मौज-मस्ती का अवसर ही नहीं देता, बल्कि भीतरी दुनिया का साक्षात्कार भी कराता है। महान् दार्शनिक संत आचार्य महाप्रज्ञ ने प्रेक्षाध्यान के माध्यम से विभिन्न रंगों की साधना कराते हुए आत्मा को उजालने एवं भीतरी दुनिया को उन्नत बनाने की विधि प्रदत्त की है। रोमन सम्राट व चिंतक मार्क्स ऑरेलियस ने कहा भी है, 'मन के विचारों में रंगी होती है आत्मा।' जैन दर्शन भी कहता है कि जैसे विचार होते हैं, वैसे ही कर्म परमाणु आत्मा से चिपक जाते हैं। आत्मा के तमाम रंगों तक पहुंचने की हमारी यात्रा मन से होकर गुजरती है। हमें अपने विचारों को सही रखना होता है। उसमें दूसरों के लिए जगह छोड़नी होती है। नकारात्मक ऊर्जा के नुकसान से बचने के लिए होली के रंगों में सराबोर होना, रंगों का ध्यान करना, अपनी पर्वमय संस्कृति से रू-ब-रू होना फायदेमंद साबित होता है। पेजिल पामरोज इसका उपाय बताते हुए कहते हैं, 'अपने आप से प्यार करना सीखें। आप जो हैं, आपसे अच्छा और कोई नहीं जानता। अपने आपसे मोहब्बत करेंगे तो यह भी जान पाएंगे कि जो आपको चाहते हैं, उनके प्यार में कितनी गहराई है।'

होली की परम्पराएँ श्रीकृष्ण की लीलाओं से सम्बद्ध हैं और भक्त हृदय में विशेष महत्व रखती हैं। श्रीकृष्ण की भक्ति में सराबोर होकर होली का रंगभरा और रंगीनीभरा त्यौहार मनाना एक विलक्षण अनुभव है। मंदिरों की नगरी वृन्दावन में फाल्गुन शुक्ल एकादशी का विशेष महत्व है। इस दिन यहाँ होली के रंग खेलना परम्परागत रूप में प्रारम्भ हो जाता है। मंदिरों में होली की मस्ती और भक्ति दोनों ही अपनी अनुपम छटा बिखेरती है। होली जैसे त्यौहार में जब अमीर-गरीब, छोटे-बड़े, ब्राह्मण-शूद्र आदि सब का भेद मिट जाता है, तब ऐसी भावना करनी चाहिए कि होली की अग्नि में हमारी समस्त पीड़ाएँ दुःख, चिंताएँ, द्वेष-भाव आदि जल जाएँ तथा जीवन में प्रसन्नता, हर्षोल्लास तथा आनंद का रंग बिखर जाए। होली का कोई-न-कोई संकल्प हो और यह संकल्प हो सकता है कि हम स्वयं शांतिपूर्ण एवं स्वस्थ जीवन जीये और सभी के लिये शांतिपूर्ण एवं निरोगी जीवन की कामना करें। ऐसा संकल्प और ऐसा जीवन सचमुच होली को सार्थक बना सकते हैं।



**होली पर्व विशेष**

# हुड़दंग का पर्व नहीं है होली

हमारे देश के किसी भी धर्म के पर्व-त्यौहार हमको हमारी रीति-रिवाज, परम्परा, संस्कार और संस्कृति का ज्ञान कराते हैं। जन-मन के हदृय में उमंग, उल्लास और खुशियों की नई ऊर्जा का संचार करते हैं। ऐसा ही एक त्यौहार है, होली, जो कि फागुन माह का सिरमौर पर्व है। फागुन माह के इस पर्व का नाम आते ही मन मस्तिष्क में राग, रंग, मौज-मस्ती, हंसी-ठिठोली की मनमोहक तस्वीर उभर आती है।वर्ष के पूरे ग्यारह माह की भागम-भाग और दौड़-धूप भरी जिंदगी के बाद माह फागुन का पर्व आनंद सागर में हिलोरे लेने का सुख देता है। सच्चे अर्थों में देखा जाए तो यह पर्व कम खर्चों में ज्यादा सुख देने वाला त्यौहार है। इस दिन लाल, हरा, पीला, गुलाल का एक छोटा सा टीका हर गरीब-अमीर, छोटे-बड़े, ऊंच-नीच के भेदभाव को भूला देने की ताकत से लबरेज होता है। मन में पड़ी गांठें को खोलकर आपसी मनमुटाव को भूला देने वाला यह त्यौहार है। होली की ऐसी सुंदर परम्परा को बनाकर रखना चाहिये।इस पर्व पर हरे पेड़-पौधों को काटने के बजाय इनकी सुरक्षा होनी चाहिये। इसके विपरीत अब होली त्यौहार की आड़ में जो सामाजिक एवं पर्यावरण प्रदूषण का खेल चल रहा है वह इस सुंदर त्यौहार को कलंकित करता है। अतः इस पर्व पर आगे आकर बहके हुये दिषाहीन लोगों को संदेश देना चाहिये कि ''हरे पेड़ कटने न दे, जलस्तर घटने न दे, भाईचारे को जात-धरम में बंटने न दे, होली पर यहीं पैगाम है, हिन्दू को राम राम, मुस्लिम भाईयों को सलाम है। होली की सुंदर पकृति को विकृति में बदलते लोग आजकल रंग गुलाल को छोड़ कर लोग डामर, कीचड़ को एक-दूसरे के ऊपर उछालते, फूहड़ नाच गाना करते दिखाई देते है। यही वजह है कि होली पर्व पर गांव-षहर में होली खेलने वालों से कहीं ज्यादा पुलिस की टुकड़ी डंडे और राइफल, अश्रु गोलें से लैस गश्त करती हुई दिखाई देती है।

होली त्यौहार में मांस-मदिरा का सेवन करके मार-धाड़, चोरी-चकारी और असभ्य हरकतों को प्रदर्शित करने वालों लोगों को सक्ती राज के राजपुरोहित स्वर्गीय शिवकुमार चौबे जी राक्षस कुल के तथा सौम्यता पूर्वक फाग गाते रंग-गुलाल खेलते लोगों को देव कुल के इंसान कहते थे। होली पर हुड़दंग करने वालों को सुधर जाने का संदेश देते हुये वे एक पौराणिक कथा बताते थे कि - हिरण्यकश्यप नाम का एक भारी बलशाली असुर राजा था।उसके राज में देवी-देवताओं का नाम लेने की कल्पना मात्र से प्रजा थर थर कांपती थी, इसके विपरीत हिरण्यकश्यप का बेटा प्रहलाद हमेशा प्रभु स्मरण में लीन रहता था।प्रहलाद के भक्ति भाव को खतम करने के प्रयास में जुटा रहता था।

एक दिन हिरण्यकश्यप ने अपनी बहिन होलिका की गोद में प्रहलाद को बैठा कर बड़ी-बड़ी लकड़ियों से उसे घेरकर आग लगाने का आदेश दिया। दरअसल होलिका को आग में नहीं जलने का वरदान प्राप्त था। यही वजह से हिरण्यकश्यप के मन में विचार आया कि प्रहलाद जल के खाक हो जायेगा, इस घटना को प्रत्यक्ष देखने बड़े-बड़े राक्षसों के साथ ही बड़ी संख्या में आम प्रजा की भीड़ वहां जुट गई। इन सबके सामने लकड़ियों में आग लगा दी गई। धू-धू करती लकड़ियों के संग होलिका भी जल कर राख हो गई पर प्रहलाद प्रभु लीला में लीन भजन गाते, हंसते जीवित मिला। इसे देख कर हिरण्यकश्यप के साथ ही साथ वहां उपस्थित राक्षस नशापान करके प्रजाजन को मारने-पीटने लगे, जबकि उनके विपरीत आम प्रजा भक्त प्रहलाद के बचने की खुशी मनाते रंग-गुलाल में लीन प्रभु भजन करते नाचने, गाने में मस्त थे। इस पौराणिक कथा से यह बात स्पष्ट उजागर हो जाती है कि होली के दिन हुड़दंग करने वाले लोग राक्षस कुल के होते हैं तथा नशापान से दूर फाग गाते आपस में गले मिलते लोग भगवान कुल के होते हैं।यह पर्व इस बात को भी व्यक्त करता है कि परहित और प्रभु सेवा मे रहने वाले लोग प्रहलाद की तरह अजर-अमर होते हैं तथा बैर भाव रखने वाले अत्याचारियो का विनाश होलिका की तरह हो जाता है।

**विजय मिश्रा 'अमित'**

## एक नजर

### ई-जनचौपाल में 32 आवेदन हुए प्राप्त निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश

**उत्तर बस्तर कांकेर 7 मार्च।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के निर्देशानुसार जिले में प्रति सोमवार को ई-जनचौपाल का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ग्रामीणों की समस्या व शिकायत सुनी जा रही है तथा उसका त्वरित निराकरण भी किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज सोमवार को ई-जनचौपाल में लोगों की समस्या सुनी तथा उसके निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। ई-जनचौपाल में आवेदन देने पर चारामा के विजय मेडिकल एवं जनरल स्टोर के संचालक नरेन्द्र सिंह द्वारा दवा प्रदाय का शेष राशि प्राप्त होने की जानकारी देते हुए जनपद पंचायत चारामा में स्थापित विडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। आज सोमवार को आयोजित जिला कार्यालय के ई-जनचौपाल में 32 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें सुपद विश्वास, शकुन्तला, अनुजय दास, लिलेश्वर, साधुराम, जुही सोनी, देवनाथ, जंगलसिंह, सफाईकर्मी, अखलेश मरकाम, कृष्णकुमार, कमल केमरो, कविता सोनकर, ओमप्रकाश देहारी, श्यामबती कवाची, सिरमोबाई, ज्योति मंडल, पारूल गोलदार, जगन्नाथ देवनाथ, अमिला मर्रापी, रामबाई, बालसलाम आंचल, निराजूराम, लक्खू दर्रो, सहदेव गोटा द्वारा ई-जनचौपाल में आवेदन प्रस्तुत किया गया। अंतागढ़ विकासखण्ड से 02, भानुप्रतापपुर विकासखण्ड से 08, चारामा विकासखण्ड से 02, दुर्गूकोंदल विकासखण्ड से 01, कोयलीबेड़ा (पखांजूर) विकासखण्ड से 06 और नरहरपुर विकासखण्ड से 04 लोगों ने अपने जनपद कार्यालय में उपस्थित होकर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से तथा 25 व्यक्तियों द्वारा जिला कार्यालय में उपस्थित होकर कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला को अपनी समस्या से अवगत कराया, जिनका निराकरण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर ए.एस. पैकरा, एसडीएम कांकेर धनंजय नेताम, डिप्टी कलेक्टर अशोक मारबल, उप संचालक समाज कल्याण सिनीवाली गोयल, डॉ. सोनी, नगर पालिका के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश यादव, कार्यपालन अभियंता विद्युत भी मौजूद थे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होगी तेज

**बीजापुर 7 मार्च।** जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत नैमेड़ को मुख्यमंत्री के भरोसे के बजट में मिला 30 बिस्तरों वाला अस्पताल अब ग्रामीणों को बीजापुर ईलाज के लिए नहीं जाना पड़ेगा बल्कि उनके गांव में सुसज्जित अस्पताल में मरीजों को स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध होगी। ग्राम पंचायत नैमेड़ के वार्ड पंच सकनी नारायण, बाला सेन एवं तुलसी राव सहित वरिष्ठ ग्रामीण एवं महिलाओं ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का आभार व्यक्त किया। सीएमएचओ डॉ. अजय रामटेके ने बताया कि नैमेड़ से विभिन्न जांच हेतु सैम्पल लेकर आना पड़ता था अब नैमेड़ के ही लैब में जांच होगा। 24 घंटे डाक्टरों की ड्यूटी लगाई जाएगी। संस्थागत प्रसव नैमेड़ मे ही होगा। बीजापुर लाने की आवश्यकता नहीं होगी, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं अब गांव में मिलेगी।

### सड़क दुर्घटना में मरने वाले के आश्रितों के लिए सहायता राशि स्वीकृत

**उत्तर बस्तर कांकेर 7 मार्च।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भानुप्रतापपुर द्वारा सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के प्रकरण में मृतक के परिजनों के लिए 25-25 हजार रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत किया गया है। भानुप्रतापपुर तहसील अंतर्गत ग्राम बनोली के इशांत मण्डावी की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के प्रकरण में उनके परिजन बिसम्बर, ग्राम रानीडोंगरी निवासी रूद्रदेव दुग्गा की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके परिजन दिनेश कुमार, जिला बालोद, थाना गुरूर ग्राम धनेली निवासी मानव साहू की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके पिता महेश्वर कुमार और ग्राम धनेली के कुमकुम की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके पिता महेश्वर के लिए 25 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया है। इसी प्रकार भानुप्रतापपुर तहसील अंतर्गत ग्राम टेढ़ईकोंदल के मनकुर कुमेटी की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके परिजन प्रमोद, ग्राम संबलपुर निवासी मिथलेश गवर्ना की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके पिता रूपचंद गर्वना, ग्राम घोड़दा निवासी पियुष गावड़े की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके पिता अनिल गावड़े और घोड़दा निवासी निशांत गावड़े की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके पिता राकेश गावड़े के लिए 25-25 हजार रूपये की सहायता राशि स्वीकृत किया गया है।

### बीज प्रमाणीकरण अधिकारी ने किया रागी फसल का निरीक्षण

**उत्तर बस्तर कांकेर 7 मार्च।** भानुप्रतापपुर विकासखंड के ग्राम कनेचुर जामपारा डुमरकोट बैजनपुरी भैंसाकान्हर डु बयानार के किसानों द्वारा ग्रीष्म ऋतु में मिलेट मिशन सह-बीज उत्पादन योजना के तहत रागी मड़िया बीज उत्पादन के लिए बीज प्रक्रिया केंद्र कांकेर में पंजीयन करवाया गया है। बीज प्रमाणीकरण अधिकारी ललिता गिलहरे द्वारा रागी बीज उत्पादक किसानों के खेत का निरीक्षण किया गया, उपस्थित किसानों को बीज उत्पादन के विभिन्न पहलुओं का जानकारी देते हुए अधिक से अधिक रकबा में किसानां को रागी बीज उत्पादन लेने प्रेरित किया गया। प्रमाणीकरण अधिकारी ने पंजीकृत किसानों को बीज प्रक्रिया केंद्र में रागी की बिक्री करने पर प्रति क्विंटल 57 सौ रुपए में रागी की खरीदी की जानकारी देते हुए बताया किसान अपनी उपज को बीज प्रक्रिया केंद्र कांकेर बिक्री हेतु लाने के लिए परिवहन अनुदान देय भी देती है, जिसमें 0 से 25 किलोमीटर पर प्रति क्विंटल 45 रुपए 26 से 50 किलोमीटर पर प्रति क्विंटल 50 रुपए 50 किलोमीटर से अधिक दूरी पर प्रति क्विंटल 60 रुपए परिवहन अनुदान देय लगेज भी देती है।

# प्रधानमंत्री आवास को लेकर भाजपा का धरना

## फिर घेरा विधायक निवास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 7 मार्च।** मोर आवास मोर अधिकार के तहत जरूरतमंदों को प्रधानमंत्री आवास दिलाने भाजपा ने जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन कर विधायक निवास घेरा।

जिला मुख्यालय में भाजपा ने नया बस स्टैंड बीजापुर में धरना प्रदर्शन कर आवासहीन हितग्राहियों को आवास देने की मांग की है, मोर आवास मोर अधिकार रैली में हजारों की संख्या में प्रधानमंत्री आवास वंचित महिलाएं, पुरुष व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

इस अवसर पर भाजपा नेता पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने कहा कि 4 साल पहले कांग्रेस सरकार विभिन्न वादे करके सत्ता में आई लेकिन यह सरकार जनता की रोटी और मकान छीनने का



कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने छत्तीसगढ़ के गरीबों के लिए 16 लाख प्रधानमंत्री आवास भेजे, लेकिन भुपेश सरकार उसे गरीबों तक पहुंचने क्यों नहीं दे रहे हैं।

पूर्व मंत्री गागड़ा ने कहा कि भूपेश बघेल जी जनता जानना चाहती है कि जन्नत के समान अधिवेशन आप छत्तीसगढ़ की जनता के पैसे खर्च कर रहे हो लेकिन गरीब के मकान के लिए आपके पास पैसा नहीं है।यह छत्तीसगढ़ की जनता के साथ धोखा है और अन्याय है। साथ ही गागड़ा ने कहा कि आज हम जनता के साथ रैली लेकर निकले हैं। याद रखें अगर आपने फिर भी गरीबों को मकान नहीं दिए जनता से किए वादे पूरे नहीं किए तो इतिहास गवाह है कि जनता के गुस्से की यह आक्रोश से कई सरकारों को उखाड़ फेंक चुके हैं।

धरना, रैली व विधायक निवास घेराव का नेतृत्व करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता प्रधानमंत्री आवास प्रभावितों के साथ मिलकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और क्षेत्रीय विधायक विक्रम मंडावी पर हल्ला बोला,अगर फिर भी सरकार नहीं चाहती और गरीबों को उनका हक, उनका अधिकार प्रधानमंत्री आवास नहीं देती है तो जनता के साथ मिलकर सरकार के सारे द्वार रोक दिए जाएंगे, जाम कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भूपेश जी अपने आकाओं को खुश करने के लिए आप मानवता मत भूल जाइए। आप का प्रथम दायित्व अपनी जनता की ओर है उन्हें उनका हक दिलवाइये।

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता आवास प्रभावितों के साथ नया बस स्टैंड से रैली लेकर विधायक निवास घेरा और हल्ला बोला। रैली में बड़ी संख्या में महिलाएं अपने आवास के लिए फार्म के साथ शामिल थी। विधायक निवास के बाहर पुलिस प्रशासन ने रैली को बैरिकेड लगाकर रोक दिया आगे नहीं जाने दिया जिससे आक्रोशित होकर प्रभावित जनता नारे लगाकर भूपेश सरकार से मोर आवास मोर अधिकार दिलाने की मांग की।

रैली में प्रमुख रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष जी वेंकट , विधानसभा प्रभारी दीपक बाजपेयी, जिला उपाध्यक्ष लव कुमार रायडू, ऊर्मिला तोकल, जिला महामंत्री गोपाल पवार, सतेन्द्र सिंह ठाकुर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुखलाल पुजारी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष घसीराम नाग, एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष जिला राम राना, नंद किशोर राणा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष बलदेव उरसा, प्रदेश युवा कार्य समिति सदस्य फूलचन्द गागड़ा, महिला मोर्चा के नीता शाह, महेश्वरी झाड़ी, बसंती लिंगम, पूजा पोदी सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण जन मौजूद थे।

# कार्यशाला में ग्राम सभा सशक्तिकरण पर दिया गया जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरन्दुल 7 मार्च।** आदिवासी समाज युवा प्रभाग और चक्क्रय्स के द्वारा ग्राम सभा सशक्तिकरण कार्यशाला का आयोजित किया जिसमें ग्राम सभा को सशक्त करने के उद्देश्य से प्रदेश के आदिवासी समाज के युवाओं व ग्राम सभा अध्यक्षो को अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 तथा अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) नियम, 2007 यथा संशोधित नियम, 2012 में प्राप्त अधिकार सामुदायिक अधिकार(ष्टक्र), सामुदायिक वन संसाधन अधिकार (ष्टस्नक्रक्र)। पंचायत - उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) अधिनियम 1996 में प्रदत ग्राम सभा की बैठक का कोरम, ग्राम सभा का बैठक, ग्राम सभा का अधिकार , ग्राम सभा बुलाने की प्रक्रिया ÷अनुसूचित क्षेत्रों÷ से अभिप्रेत संविधान के अनुच्छेद



244 के खंड(1) में निर्दिष्ट , संविधान के भाग 9 के उपबंधों, पेसा कानून की धारा 4 (ड)(3), छ. ग. भू - राजस्व संहिता (संसोधन) अधिनियम 1997, पेसा कानून की धारा 4 (ड) (1), आबकारी (संसोधन) अधिनियम 1997, पेसा कानून- धारा 4 (ड)(5), छ. ग. साहूकारी(संशोधन) अधिनियम, पेसा कानून -धारा 4 (झ), छ. ग. भू - अर्जन एवं पुनर्वास, पेसा कानून -धारा 4(ट) गौण खनिज का उत्खनन पट्टा, पेसा कानून -धारा 4 (ड)(2) लघु वन उपज के संबंध में अनुसूचित क्षेत्र के लिए विशेष व्यवस्था, जंगल प्रबंधन को लेकर पाचगांव(महाराष्ट्र) भूमि अधिग्रहण कानून , स्न्क्र 2013 , सुचना का अधिकार अधिनियम 2005, जैसे संविधानिक अधिकारों को पूरे छत्तीसगढ़ के युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया । आदिवासी विभाग से जिले के सहायक आयुक्त कशेर के द्वारा वन अधिकार मान्यता कानून के क्रियान्वयन पर बात रखी, साथ ही रायपुर से पेसा समन्वयक प्रखर जैन के आनलाईन गुगल वर्चुअल से जुड़कर ऋश्वस्नक्रङ्क ष्ह्ल एवं नियम पर अपनी बात रखी। महाराष्ट्र पांचगांव से सचिन आत्राम और डॉ. शरद लेले सर के व्दारा जंगल प्रबंधन पर बहुत ही बेहतरीन तरीके जंगल प्रबंधन के तौर तरीके को बताया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के साप्ताहिक मौके पर परजो महिला समूह या व्यक्तिगत रूप से काम रहे महिलाओं का सम्मान किया गया जिसमें निशानहर्रा महिला समूह को दिया गया जो पारम्परिक बीज को सरंक्षण करने का काम कर रही है, कोयलीबेड़ा महिला प्रकोष्ठ शिक्षाऔर स्वास्थ काम कर रही है, प्रसाव कराने में निपुण कोकपुर कि महिला बोधोन नेताम,नारायणपुर कि सुकमा वड्डे जो स्वास्थ को लेकर अबूझमांड में जागरूकता अभियान चलाई ऐसे महिलाओ को सम्मान किया गया प्रशिक्षक अश्वनी कांगे, ललित नरेटी, योगेश नरेटी, जगत मरकाम, योगेश नरेटी, कुमार मंडावी शालिनी गेरा, वकील हाई कोर्ट, प्रखर जैन पेसा समन्वयक उपस्थित रहे। इस कार्यशाला को सम्पन्न बनाने में रोहित नेताम, रिकेश नरेटी, सुखराम नाग, अनुराग उरेती, नीरज नेताम, छाबिन मंडावी, खेम राज नेताम, दयानंद सागर सलाम, पोखन नेताम, टिकू नेताम, संदीप कोडोपो,अजय सलाम, प्रियंका नेताम, लक्ष्मी मांझी, देवकुँवर सलाम, रूबी सूर्यवंशी, वर्षा वट्टी बहुत ही महत्वपूर्ण अहम योगदान रहा। इस कार्यशाला में प्रदेश भर के 130 युवा शामिल रहे!

### 20 साल बाद पिटेपाल में विकास की दस्तक, पथराई आंखों में जगी नई उम्मीद

**बीजापुर 7 मार्च ।** हम बात कर रहे हैं विकासखंड भैरमगढ़ के ग्राम पंचायत बेचापाल की। जो कभी बीजापुर क्षेत्र में माओवाद प्रभावित अतिसंवेदनशील क्षेत्र के रूप में जाना जाता था, किंतु यह अब बीते दिनों की बाते है। ऐसा हम इसलिए कह रहे है क्योंकि इस ग्राम पंचायत के



आश्रित ग्राम पिटेपाल में सामुदायिक पुलिसिया कार्यक्रम के तहत 20 साल बाद पहली बार ग्रामीणों के लिए शिविर के माध्यम से शासन की हितग्राहीमूलक तमाम योजनाओं के हितग्राहियों का चिन्हांकन कर ग्रामीणों को होने वाले फायदे से अवगत कराया। नक्सली दहशत की उबड़-खाबड पगगंडियों से निकलने और शासन की योजनाओं से जुड़कर ग्रामीण विकास की पक्की सड़क में दौड़ने को आतुर हैं। शिविर में आस पास के लगभग 5 सौ से अधिक ग्रामीणों को कंबल, खाना बनाने के बर्तन और बच्चों को पुस्तक-कापी का वितरण किया किया गया। शिविर में बुजुर्ग जिनकी पथराई आंखों में बदलते परिवेश की नई भोर की उम्मीद, महिलाएं जिनके चेहरे पर अपने दूध मुहें बच्चों के लिए सुरक्षित भविष्य की चमक और खिलते हुए बच्चे जिनके होठों पर अक्षर ज्ञान और विज्ञान को समझने की जिज्ञासा भरी मुस्कान शामिल होकर एक नई जिंदगी लिखने की झटपटाहट लिए शामिल हुए। यह शिविर अपने-आप मे बहुत सफल साबित हुई लोगों का पूरा समर्थन विकास की ओर दिखाई दिया।

### श्रीगुहान के गौठान में कृषकों को किया गया उड़द बीज वितरण

**उत्तर बस्तर कांकेर 7 मार्च।** नरहरपुर विकासखण्ड के आदर्श गौठान श्रीगुहान में कृषि विभाग एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत श्रीगुहान के सरपंच श्रीमती सरोज वट्टी एवं उपसरपंच उगेश कुंजाम द्वारा ग्राम पंचायत श्रीगुहान के कृषकों को निःशुल्क जायद उड़द बीज का वितरण किया गया। इस अवसर पर तकनीकी प्रबंधक नरहरपुर रोशन निषाद द्वारा उड़द की उन्नत खेती, बीजोपचार, बुवाई की विधि, सिंचाई, खाद एवं उर्वरक, कीट-रोग प्रबंधन, पोषण में योगदान, औषधि गुण आदि पर विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान कृषक मित्र गौतम वट्टी, बालमुकुंद वट्टी, श्रीमति सुलोचना, अमिता, नारद, गाड़ाराय, अवध, गणेश, हेमलाल मंडावी उपस्थित थे।

# अनैतिक व्यापार, मानव तस्करी, महिला अधिकार विषय पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

**बीजापुर 7 मार्च।** कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा के निर्देशन पर जिला में मानव तस्करी रोकने महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा सम्बंधित कानूनी प्रावधानों का व्यापक प्रचार-प्रसार कर जागरूक करने. के लिए विभिन्न स्थानों पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम किया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अनैतिक व्यापार मानव तस्करी को रोकने हेतु जिले के आवापल्ली, नैमेड़ व कुटरू में जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ है जिसमे महिलाओं/बालिकाओं के संरक्षण संबंधित विधिक प्रावधनों पर उन्मुखीकरण बच्चों को लैंगिक हिंसा, बाल शोषण,, बाल श्रम, बाल विवाह बच्चों के अनैतिक व्यापार, महिलाओं के विरूद्ध होने वाले घरेलू हिंसा, दहेज प्रतिषेध अधिनियम पर महिला/बालिकाओं को कानूनी जानकारी दिया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में महिला संरक्षण अधिकारी, सखी व जिला बाल संरक्षण इकाई के




अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, बालक कल्याण समिति, दत्तक ग्रहण विनियमन पर जानकारी देते हुए बताया गया कि देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चे, बाल श्रमिक, बाल भिक्षावृत्ति, सड़क पर रहने वाले बच्चे, अपशिष्ट संग्रहण में लिप्त बच्चों को समाज के मुख्य धारा में जोडने, बाल विवाह का रोकथाम एवं बाल विवाह के दुष्परिणाम की जानकारी, चाईल्ड हेल्प लाईन नंम्बर 1098 एवं महिला हेल्प लाईन नंम्बर 181 की जानकारी दिया गया। बच्चों के अनैतिक व्यापार अधिनियम, ग्राम पंचायत स्तर पर संधारित पलायन पंजी, ग्राम पंचायत स्तर पर शाला त्यागी बालक-बालिकाओं को स्कूल से जोड़े जाने पर एवं गोद लेने की वैधानिक प्रक्रिया, दत्तक ग्रहण नियम 2017, बाल श्रम अधिनियम पर चर्चा कर जानकारी दिया गया।

### वी सुरेश ने एनएमडीसी में निदेशक के रूप में कार्यग्रहण किया

**हैदराबाद, 7 मार्च।** श्री विश्वनाथ सुरेश ने 1 मार्च, 2023 को एनएमडीसी में निदेशक (वाणिज्य) का पदभार ग्रहण किया। उन्हें भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी के बोर्ड में कार्यकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति से पहले, श्री सुरेश सेल में अधिशासी निदेशक (कोयला आयात) के पद पर थे, जिसमें 15 एमटीपीए से अधिक आयातित कोयले की खरीद की जिम्मेदारी थी ।उनके पास



और अधिशासी निदेशक (कॉर्पोरेट सामग्री प्रबंधन) का अतिरिक्त प्रभार भी था। खनन एवं विनिर्माण क्षेत्र में तीन दशकों से अधिक की लंबी सेवा के साथ, उनके करियर में घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में इस्पात की बिक्री और विपणन, खरीद, रणनीतिक प्रबंधन और नीति जैसे बहुमुखी क्षेत्रों में अनुभव शामिल है। वाणिज्यिक कौशल और नेतृत्व गुणों के कारण, उन्होंने प्रणाली सुधार, बिक्री और राजस्व को बढ़ावा देने के लिए अनेक पहलें कीं। वह विभिन्न औद्योगिक सम्मेलनों में प्रायः मुख्य वक्ता रहते हैं। श्री वी सुरेश राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, राउरकेला (पूर्व में आरईसी राउरकेला) के छात्र रहे हैं, जहां से उन्होंने मेटलर्जिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री प्राप्त की है। उन्होंने मार्केटिंग में बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) में मास्टर डिग्री और आईआईएम, कोझिकोड से एडवांस्ड स्ट्रैटेजिक मैनेजमेंट कोर्स में सर्टिफिकेट भी प्राप्त किया है।

# भोपालपटनम हाट बाजार में लगा जनसंपर्क विभाग का सूचना शिविर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 7 मार्च।** जनसंपर्क विभाग बीजापुर द्वारा जिला एवं विभिन्न ब्लाक मुख्यालय के हाट-बाजारों में राज्य शासन के चार वर्ष की उपलब्धि एवं महत्वपूर्ण योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर लोगों को योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। जिसमें जिला जनसंपर्क कार्यालय के टीम द्वारा लोगों को योजनाओं से लाभ लेने के लिए प्रेरित कर योजनाओं से जुड़े विभिन्न प्रकार के प्रचार-प्रसार ब्रोसर, पाम्पलेट, मासिक पत्रिका जनमन, कैलेंडर, सहित विभिन्न प्रचार सामग्री का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। 05 मार्च दिन रविवार को शिविर के अंतिम दिवस पर भोपालपटनम ब्लॉक के हाट बाजार में शिविर का आयोजन किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ सरकार के महत्वाकांक्षी योजना राजीव गांधी किसान न्याय योजना, बिजली बिल हाफ योजना, गोधन न्याय योजना, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना, राजीव गांधी ग्रामीण




भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, छत्तीसगढ़ मिलेट मिशन वनाधिकार पत्र सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी सनबोर्ड एवं प्रचार सामग्री के माध्यम से दी गई,जिसमें दिनभर लोगो का शिविर में आना-जाना लगा रहा लोगों ने बढ़-चढ़कर शासन की योजनाओं की जानकारी लेने मे उत्सुकता दिखाई, जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित शिविर की प्रशंसा भी किए कि बड़ी आसानी से सूचना बोर्ड एवं प्रचार सामग्री से सभी विभागों की जानकारी मिल रही है भोपालपटनम हाट बाजार में शिविर का प्रशंसा करते हुए गुल्लापेटा की अनिता तामड़ी ने कहा कि इस तरह का शिविर बहुत ही जरूरी है शासन की योजनाओं की जानकारी जमीनी पर पहुंच रही है। वही प्रचार सामग्री से लोगों को योजनाओं को जानने का मौका मिला।इसी तरह मददेड पंचायत से लक्ष्मीकांता ,रुद्रारम पंचायत से तारा दुर्गम जैसे कई गणमान्य नागरिको ने शिविर को आवश्यक और महत्वपूर्ण बताया।

### पेंशन के मामलों में टीचर्स एसोसिएशन की पहल



**कटेकल्याण 7 मार्च।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ब्लॉक इकाई कटेकल्याण के पदाधिकारियों ने ब्लॉक सचिव भरत कुमार दुबे के अगुवाई में परिवार पेंशन के प्रकरणों को लेकर खण्ड शिक्षा अधिकारी पुष्कर वर्मा से भेंट किया जिला सह सचिव परमानन्द ध्रुव महामंत्री विजय कुमार नेताम भरत दुबे ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर अटल नगर वित्त निर्देश 10/2023 आदेश क्रमांक 106/एफ 2016-04-03289 / नि / नि/चार नवा रायपुर, अटल नगर,दिनाँक 28.02.2023 के तहत दिवंगत शिक्षकों के मामलों में एन.पी.एस की जगह पुरानी पेंशन का चुनाव करने का विकल्प दिया गया है।

### गौठान में सब्जी उत्पादन कर वैष्णवी समूह की महिलाएं आर्थिक रूप से हो रही सशक्त

**उत्तर बस्तर कांकेर 7 मार्च।** विकासखण्ड चारामा के ग्राम लखनपुरी गौठान में वैष्णवी महिला स्व-सहायता समूह द्वारा सामुदायिक बाड़ी का कार्य कर अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ कर रहीं हैं तथा अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन रहीं हैं। समूह के अध्यक्ष श्रीमती मंजू सेन बताती हैं कि समूह के गठन से



वे गौठान में विभिन्न गतिविधियों से जुड़कर कार्य कर रहीं हैं। उन्होंने बताया कि हम पहले भी घरों में छोटे स्तर पर आवश्यकतानुसार सब्जियां लगाते थे। गौठान में बड़े पैमाने पर समूह की महिलाओं के साथ मिलकर काम करने का मौका मिला तो यह काम और आसान हो गया। उन्होंने बताया कि गौठान निर्माण से हम बाड़ी विकास का कार्य कर रहें हैं तथा सभी सदस्यों को रोजगार एवं सब्जी बिक्री से आर्थिक लाभ मिल रहा है। महिला स्व-सहायता समूह द्वारा मूली से 12 हजार एवं बैगन से 03 हजार तथा टमाटर से 04 हजार रुपए की आय प्राप्त हुई है वर्तमान में टमाटर एवं बैगन फलन की स्थिति में है। सब्जी का विक्रय कर महिलाओं को अब तक 19 हजार रुपये तक का शुद्ध लाभ हुआ है और लगातार मुनाफा बढ़ रहा है। महिलाएं कहती हैं कि जब से हम यह कार्य कर रहीं हैं अच्छी आमदनी से आर्थिक रूप से सशक्त होकर घर-परिवार की ज़रूरतों को पूरा कर पा रहीं हैं। स्व-समूह की महिलाएं प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को आभार व्यक्त किये हैं। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरवा तथा बाड़ी और गोधन न्याय योजना आमजनों के लिए बेहद लाभकारी साबित हो रही है। ग्रामीण परिवेश में निवासरत लोगों के लिए यह योजना आर्थिक उन्नति का माध्यम बनकर उभरी है। योजनांतर्गत जिले के गौठानों में स्वसहायता समूह की महिलाएं सब्जी उत्पादन सहित विभिन्न आजीविका गतिविधियों से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रहीं हैं।

### सरोना गौठान के समूह की महिलाएं सशक्तीकरण की ओर अग्रसर

**उत्तर बस्तर कांकेर 7 मार्च।** नरहरपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम सरोना में ''राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन'' बिहान के तहत् आजीविका गतिविधि प्रारंभ किया गया है। सरोना तहसील अंतर्गत 25 किलोमीटर दूर सरोना क्लस्टर संगठन अंतर्गत है, जिसमें ग्राम सरोना में गौमाता स्व-सहायता समूह के द्वारा गांव के गौठान में सब्जी की खेती कर स्थानीय बाजार तथा आसपास के ग्रामों में विक्रय करना प्रारंभ किया है। गौमाता स्व सहायता समूह की 10 सदस्यों द्वारा सब्जी उत्पादन का कार्य किया जा रहा है। सभी सदस्य द्वारा कार्य का विभाजन किया जाकर एक साथ बुवाई से लेकर विक्रय तक संपूर्ण लेखा-जोखा कर आजीविका के कार्य कर रहे हैं। स्थानीय रूप से जुड़े होने के कारण सभी सदस्य को विक्रय तथा अन्य कार्य जैसे क्रेता एवं विक्रेता के बीच बातचीत आसानी से हो जाता है। वर्तमान में सब्जी उत्पादन जैसे बैगन एवं पत्ता गोभी उत्पादन कार्य किया जा रहा है। प्रदेश की सुराजी ग्राम योजना नरवा, घुरवा और बाड़ी अंतर्गत विकास से समग्र ग्रामीण विकास के लिए गौमाता स्व-सहायता समूह ग्राम पंचायत सरोना द्वारा सतत् और सार्थक प्रयास कर रहे हैं।

## रोजाना सैकड़ों वाहनों में धड़ल्ले से चल रही रेत की अवैध ढुलाई,व कालाबाजारी

# अवैध रेत परिवहन करते 3 वाहन बचेली में पकड़े गए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बचेली 7 मार्च।** बचेली में सोमवार दिनांक 6 फरवरी को वाहन क्रमांक सी जी 17 के एम 8345 वाहन क्रमांक सी जी 17 के एन 2990 वाहन क्रमांक सी जी 17 के एन 8345 नंबर के वाहनों से अवैध तरीके से रेत ढुलाई करतें बचेली के ठेकेदारों ने पकड़ कर थाने में सुपूर्द करवाया हैं वही वाहन क्रमांक सी जी 17 के एन 5540 में भी अवैध रेत भरा पाया गया था उक्त वाहन को स्थानीय लोगों द्वारा बचेली के बीएसएनएल दुरभाष कार्यालय के सामने रुकवाया गया था जिसके पश्चात इसकी सूचना बचेली पुलिस थाने में दी गई परंतु वाहन चालक ने वाहन में ताला लगा कर मौके से फरार हो गया और कुछ देर बाद जब स्थानीय लोग मौके से चले गए वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया यह सभी परंतु स्थानीय लोगों ने इस वाहन




की फोटो वीडियो बनाकर इसकी शिकायत भी पुलिस थाना बचेली में की है गाड़ियां कोड़ेनार निवासी संजय पटेल की बताई जा रही है। इनके द्वारा यह अवैध रेत उत्खनन व परिवहन के गोरखधंधे का यह खेल कई महीने से निरंतर चल रहा है, फिर भी न तो खनिज विभाग और न ही आरटीओ इस पर कोई कार्रवाई करने को तैयार हैं। इससे लगता है कि सब कुछ इनकी मिलीभगत से ही चल रहा है। दंतेवाड़ा के बालूद बालपेट से तो 24 घंटे रेत उत्खनन व परिवहन जारी है। हैरानी की बात तो यह है कि जिन ट्रैक्टरों में रेत ढुलाई हो रही है, वहां विभाग के जिम्मेदार अधिकारी झांकने की भी जरुरत भी महसूस नहीं कर रहे हैं। अवैध तरीके से रेत उत्खनन व उसकी ढुलाई लगातार जारी है। जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा के बालूद व बलपेट रेत खदान में तो यह नजारा किसी भी समय देखा जा सकता है। दोनों गांवों के बीच स्थित नदी से 24 घंटे रेत का उत्खनन हो रहा है। सबसे ज्यादा ढुलाई ट्रेक्टरों के माध्यम से हो रही है। ऐसे ट्रैक्टर जो एक ओर तो कंडम स्थिति में पहुंच चुके हैं तो दूसरी ओर इनके नंबर प्लेट भी नहीं दिख रहे हैं। यहां से हर रोज सैकड़ों ट्रिप रेत उत्खनन कर दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय से होते हुए लौहनगरी बचेली किरंदुल लाई जा रही है। सोमवार दोपहर पड़ताल में पाया गया 3 दस चक्का हाइवा वाहन में रेत उत्खनन कर परिवहन किया जा रहा था। वाहन चालकों से रॉयल्टी पर्ची पूछे जाने पर उन्होंने अनभिज्ञता जाहिर की। हालांकि रेत की ढुलाई सैकड़ों दस चक्का ट्रकों के माध्यम से ही हो रही है। बचेली पेट्रोल पंप चौक में सोमवार दिनांक 6 मार्च को इन्हें स्थानीय ठेकेदारों द्वारा रोके जाने पर इनके पास रॉयल्टी पर्ची भी उपलब्ध नहीं थी पर इनके हैवी वाहनों से रात में भी रेत ढोई जा रही है। जिन्हें कोई पाबंदी नहीं है। किसी भी वक्त रेत लेकर ट्रक को नगर में कहीं भी लाया, ले जाया जा रहा है। यह अपने आप में खतरे का सबब है।

स्थानीय ठेकेदार व टिप्पर मालिकों की शिकायत पर आज हमने तीन हाइवा ट्रक को पकड़ा जो की रेत से भरे हुए थे उनको पकड़ कर थाने लाया गया है जिस पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी जो ट्रके अवैध रूप से बिना रॉयल्टी पर्ची के परिवहन कर रहें थे। जांच अभियान को और सख्त कर दोषी वाहन संचालकों पर कार्रवाई की जाएगी।

**गोविंद यादव थाना प्रभारी बचेली**

# नगर की महिलाओं ने होली पर्व की परंपराओं को बदस्तूर निभाया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खरसिया,7 मार्च।** होली पूजन पर नगर की महिलाओं और बच्चों द्वारा नगर के टाउनहॉल में होली पूजन कर परम्परा को निभाया गया होलिका दहन के दिन लकड़ियों के ढेर के साथ ही गोबर के उपले या कंडे जलाने की भी प्रथा है। हमारे शास्त्रों में या हमारी परंपराओं में हर चीज बड़ी ही सोच-समझकर बनायी गयी है इन सबसे हमें कहीं-न-कहीं फायदा जरूर होता है इसी तरह से आज के दिन गोबर के उपलों को जलाने के पीछे भी हमारी ही भलाई छिपी हुई है। इसके साथ ही होलिका दहन के दिन से होलाष्टक समाप्त हो जाएगे, जिसके चलते विवाह आदि सभी शुभ कार्य अब फिर से शुरू हो जायेंगे।

विदित हो कि प्रत्येक वर्ष फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि को होलिका दहन किया जाता है। इस बार फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि 7 मार्च को पड़ रही है। 6 मार्च की रात्रि 1 बजे अर्थात 7 मार्च को होली का दहन के अगले दिन आज 8 मार्च को धुलेंडी मनाई जाएगी। कुछ लोग अपने घरों में होलिका दहन करके पूजा अर्चना करते हैं तो वहीं कुछ स्थानों पर सामूहिक रूप से होलिका दहन किया जाता है। इस दिन लोग होलिका के चारों और फेरे लेते हुए पूजा अर्चना करते हैं। मान्यता है कि होलिका की अग्नि में सभी तरह की नकारात्मक शक्तियां भस्म हो जाती हैं। होलिका की अग्नि में मुख्य रूप से लोग परिक्रमा करते हुए गेंहू की बालियां अर्पित करते हैं। इसके साथ ही होली की अग्नि में तिल, उपले और गोबर की बनी हुई गुलरिया (छोटे-छोटे गोबर के गोले जिनमें बीच में सुराख किया जाता है) की माला अर्पित कर जीवन की समस्याओं से मुक्ति के लिए प्रार्थना करते है।

## एक नजर

### टीएस बाबा खेमे को कमजोर करने उमेश पटेल को दिलाई गई गृहमंत्री की शपथ



**खरसिया, 7 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कांग्रेस में लगातार बागी तेवर दिखा रहे टी.एस. बाबा से पार्टी को हो रहे नुकसान की भरपाई करने उनके पुराने सहयोगी एवं मित्र लोकप्रिय विधायक एवं केबिनेट मंत्री उमेश पटेल के विभाग में परिवर्तन करते हुए उन्हें गृह, जेल, खेल व महिला विभाग का मंत्री बनाया गया है। उमेष पटेल ने आदश पश्चात तत्काल राज्यपाल भवन पहुंचकर शपथ ग्रहण की। पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू को दुर्ग से लोकसभा चुनाव लड़ाया जा रहा है इसीलिए उपरोक्त परिवर्तन किया गया है। उमेश पटेल को मिले इन महत्वपूर्ण विभागो के कारण छत्तीसगढ़ प्रदेष के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में अपार जोष व उत्साह देखा जा रहा है। उपरोक्त नियुक्ति पश्चात उमेश पटेल के प्रथम नगर एवं जिला आगमन पर भव्य स्वागत एवं एतेहासिक होली खेले जाने की तैयारी की जा रही है। बताया जा रहा है कि कांग्रेस हाईकमान ने उमेष पटेल को रायगढ़ एवं जांजगीर लोकसभा जितने की जिम्मेदारी दी है। खरसिया कांग्रेस के वरिश्ठ नेता श्री सुनील षर्मा ने जानकारी में बताया है कि दिनांक- 08.03.2023 होली दिवस को साउथ बिहार एक्सप्रेस से नवनियुक्त गृहमंत्री उमेश पटेल का खरसिया आगमन हो रहा है, जहां उन्हे स्टेशन से लेकर नंदेली तक रंग-गुलाल एवं गाजे-बाजे के साथ ले जाया जावेगा। नगर आगमन के दौरान वरिष्ठ पत्रकार अशोक अग्रवाल के निवास स्थान पर नवनियुक्त गृहमंत्री उमेश पटेल की प्रेस वार्ता रखी गई है। जहां बड़ा-भजिया एवं भांग-ठंडाई की व्यवस्था रहेगी। नियुक्ति पश्चात मंत्री पटेल को बधाई देने वालो का ताता लगा है ।

### कांग्रेस पार्षद पति रितेश श्रीवास्तव कोलकाता के सोनाकांक्षी इलाके में गिरफ्तार

**खरसिया, 7 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** हैलो मिडिया एवं स्याही की ताकत के संपादक, कांग्रेस पार्षद पति एवं हमेशा विवादों से घिरे रहने वाले रितेष श्रीवास्तव को कलकत्ता सोनाकांक्षी इलाके में संदेहास्पद स्थिति में पाये जाने पर बंगाल पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह समाचार खरसिया पहुंचने पर नगर पालिका, प्रेस क्लब एवं शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। हर कहीं यही चर्चा सुनने मिल रही है प्रेस क्लब ने तत्काल बैठक बुलाकर रितेश श्रीवास्तव को उनके पद से हटाते हुए उनकी सदस्यता समाप्त कर दी है। इनके परिजन समाचार मिलते ही हावड़ा मुबई मेल से कलकत्ता के लिए रवाना हो गए है। इस घटना की जानकारी होने पर रितेश श्रीवास्तव के घनिष्ठ मित्र अषोक पत्रकार, सुनील शर्मा एवं संटी सोनी ने उनके कृत्य की निंदा करते हुए धूमधाम से होली मनाने का निर्णय लिया है ।



# भाजपा ने ओपी चौधरी को बनाया मुख्यमंत्री का चेहरा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खरसिया, 7 मार्च।** लंबी प्रतिक्षा के पष्चात् आखिरकार छ.ग. भारतीय जनता पार्टी का आगामी चुनाव के लिए मुख्यमंत्री पद का चेहरा पूर्व कलेक्टर ओपी चौधरी को बनाया गया। इसकी घोषणा करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने आशा व्यक्त की है कि चौधरी के नेतृत्व में छ.ग. में विलुप्त हो चुकी भाजपा को नई दिशा एवं दशा प्राप्त होगी। साथ ही अभी तक खरसिया से प्रत्याशी बनने से बच रहे एवं सुरक्षित सीट खोज रहे ओपी चौधरी को भारतीय राजनीती के चाणक्य अमित शाह के निंदेष पर पुनः खरसिया विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की तैयारी करने कहा गया है। इस प्रकार केन्द्रीय नेतृत्व ने ओपी चौधरी को मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनाकर पिछड़ा वर्ग कार्ड खेला है।

इस खबर से पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के प्रयासों को धक्का लगा है। ओपी चौधरी को मुख्यमंत्री का चेहरा बनाने एवं खरसिया से चुनाव लड़ने की खबर से पुरे प्रदेष में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है एवं कार्यकर्तागण जगह-जगह पटाखे फोड़कर एवं मिठाईयां बांटकर उक्त निर्णय का स्वागत कर रहें है। जहां तक खरसिया नगर की बात है कुछ दिग्गज नेता उपरोक्त निर्णय से अपने भविष्य के प्रति चिंतित नजर आ रहे है। खरसिया विधानसभा क्षेत्र से भाजपा टिकट के प्रबल दावेदार महेश साहू एवं उनके समर्थक मायूस देखे जा रहे है एवं आप पार्टी में अपनी संभावनाएं खोज रहे है ।

### चयन परीक्षा का आयोजन 12 मार्च को

**धमतरी 7 मार्च ।** पंडिल जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना के तहत वर्ष 2023-24 में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए आगामी 12 मार्च को चयन परीक्षा आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा धमतरी के शासकीय हाईस्कूल सोरिदभाठ में दोपहर 12 से दो बजे तक होगी। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक चयन परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थी संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय अथवा कलेक्टोरेट स्थित आदिवासी विकास विभाग के कार्यालय से प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

# आबकारी विभाग ने 5 प्रकरणों में 101 लीटर शराब जब्त की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 7 मार्च।** जिले के आबकारी अमला द्वारा होली त्यौहार के अवसर पर अवैध शराब के बिक्री व भण्डारण के विरूद्ध छापामारी कार्यवाही कर 5 प्रकरण में कुल 101.54 बल्क लीटर शराब जब्त किया गया।सचिव सह आबकारी आयुक्त निरंजन दास एवं प्रबंध संचालक ए. पी. त्रिपाठी के आदेशानुसार एवं कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देशानुसार जिला आबकारी अधिकारी गरियाबंद प्रभाकर शर्मा के सफल मार्गदर्शन में आबकारी वृत्त राजिम के अंतर्गतप्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जोगीडिपा निवासी मैतुराम



कमार, रामसिंह कमार से 5 लीटर वाली 10 प्लास्टिक जरीकेन में भरी हुई 50 बल्क लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब तथा देवभोग के ग्राम छैला निवासी चमरू यादव से एक प्लास्टिक बोरी में 200 मिली लीटर कुल 40 बल्क लीटर बरामद कर धारा 34(1)क, 34(2) एवं 59(क) के तहत कार्यवाही की गई है। इसी प्रकार देवभोग के ग्राम कोदोभाठा निवासी प्रेमलाल गाड़ा से 22 नग ट्रीपल लाल घोड़ा छाप उड़िसा प्रांत की कच्ची शराब कुल 4.4 बल्क लीटर, ग्राम मदानमुड़ा निवासी भुपेन्द्र सागर से एक प्लास्टिक बोरी के अंदर 18 नग उड़िसा प्रांत की विदेशी शराब फ्रंटलाईन कुल 3.24 बल्क लीटर शराब और देवभोग अंतर्गत ग्राम बजाड़ी निवासी बसंत कुमार यादव से उड़िसा प्रांत की किंगफिसर बियर 5 नग कुल 3.9 बल्क लीटर बरामद कर धरा 34(1)क के तहत छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। छापामारी के कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री टेक बहादुर कुर्रे, आबकारी उपनिरीक्षक श्री विजयेन्द्र कुमार व श्री दरस राम सोनी, आबकारी आरक्षक श्री पीताम्बर चौधरी, सैनिक पद्मन साहू, मिथलेश सिन्हा, महिला सैनिक हेमबाई साहू, कामिनी सोनी, शैलेन्द्र कुमार कश्यप, गोवर्धन सिन्हा और कुलेश्वर निषाद का योगदान रहा।

# झाखरपारा क्षेत्र के 9 हजार विद्युत उपभोक्ता लाभान्वित होंगे



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद ।** इंदागांव उपकेन्द्र 132/33 केव्ही के निर्माण होने से मैनपुर देवभोग अंचल में विद्युत वोल्टेज में अपेक्षित सुधार आया है। वोल्टेज सुधार होने से नये कनेक्शनों जैसे व्यवसायिक, सिंचाई पंप कनेक्शन, राइस मिल व अन्य विद्युत कनेक्शन में उत्तरोत्तर वृद्धि की संभावना है। जिसके कारण भार वृद्धि होगी। इसको दृष्टिगत रखते हुये देवभोग उपसंभाग अंतर्गत वितरण केन्द्र झाखरपारा के 33 / 11 केव्ही उपकेन्द्र माड़ागांव में 23 फरवरी 2023 को 1.6 एमव्हीए पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि करके 3.15 एमव्हीए पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित कर ऊर्जीकृत किया गया। उक्त पावर ट्रांसफार्मर की स्थापना से झाखरपारा क्षेत्र के 60-70 ग्राम के लगभग 9000 उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। इससे उपभोक्ताओं को नये कनेक्शन प्रदान करने में आसानी होगी तथा बिजली संबंधी शिकायतों में कमी आयेगी। उक्त पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि से अंचल के उपभोक्ताओं को बार बार होने वाले विद्युत व्यवधानों से भी राहत मिलेगी।

# थाना चिंतलनार क्षेत्र में सक्रिय एक नक्सली गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 7 मार्च।** जिला सुकमा में श्री सुन्दरराज पी. पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज जगदलपुर (छ.ग.), श्री अरविन्द राय, उप महानिरीक्षक सीआरपीएफ (परिचालन सुकमा रेंज) के मार्ग दर्शन एवं श्री सुनील शर्मा पुलिस अधीक्षक सुकमा, श्री विजय प्रताप कमाण्डेन्ट, 201 वाहिनी कोबरा, श्री हेम पुष्प शर्मा, द्वितीय कमान अधिकारी 201 वाहिनी कोबरा, श्री किरण चव्हाण अति. पुलिस अधीक्षक नक्स ऑप्स जिला सुकमा के निर्देशन व श्री विजय सिंह राजपुत पुलिस अनुविभागीय अधिकारी जगरगुण्डा के पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत दिनांक 05.03. 2023 को डीसी. श्री जितेन्द्र कुमार, एसी. श्री नीतिश एन., 201 वाहिनी कोबरा एवं निरीक्षक श्री ईश्वर प्रसाद ध्रुव थाना प्रभारी चिंतलनार के हमराह 201




वाहिनी कोबरा व जिलाबल की संयुक्त पार्टी एरिया डोमिनेशन / नक्सली आरोपियों की धरपकड़ हेतु ग्राम मरकागुड़ा, कोत्तागुड़ा के आस-पास क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे कि अभियान के दौरान ग्राम कोत्तागुड़ा व मरकागुड़ा के मध्य जंगल के पास 01 संदिग्ध व्यक्ति पुलिस पार्टी को देखकर लुकने / छिपने की कोशिश कर रहा था जिसे सुरक्षा बलों द्वारा घेराबन्दी कर पकड़ा गया। पुछताछ करने पर अपना नाम कुंजाम जोगा पिता कुंजाम बंडी निवासी सुरपनगुड़ा थाना चिंतलनार जिला सुकमा का होना तथा नक्सली संगठन में मिलिशिया सदस्य के पद पर कार्य करना बताया। सघन पूछताछ में बताया गया कि दिनांक 21.01.2023 को चिंतलनार व कोत्तागुड़ा के मध्य पुलिया निर्माण कार्य में लगे मजदूरों को डरा धमका कर 02 वाहनों को आगजनी कर क्षतिग्रस्त करने की घटना में अन्य नक्सलियों के साथ स्वयं शामिल रहना स्वीकार किया गया। घटना के संबंध में थाना चिंतलनार में अप. क्र. 01/23 धारा 147, 148, 149, 247, 435, 506 भादवि. 25 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध है। उक्त प्रकरण में आरोपी कुंजाम जोगा को दिनांक 05.03.2023 को विधिवत् गिरफ्तार कर आज दिनांक 06.03.2023 को माननीय न्यायालय दंतेवाड़ा के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।गिरफ्तार नक्सली आरोपी से पुछताछ में प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2018 में प्रतिबंधित नक्सली संगठन में जुड़कर उक्त घटना के अतिरिक्त थाना चिंतलनार एवं थाना जगरगुण्डा क्षेत्रों में घटित विभिन्न नक्सली गतिविधियों में शामिल रहना स्वीकार किया गया।

# मां महामाया शीतला माता प्रबंध समिति एवं सर्व समाज ने किया समाज सेवी लाला साहू का सम्मान


■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 7 मार्च।** महामाया मंदिर परिसर में मां महामाया शीतला माता प्रबंध समिति एवं सर्व समाज की ओर से साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू का सम्मान किया गया विदित हो कि राजिम माघी पुन्नी मेला 2023 में मांघ पूर्णिमा से लेकर महाशिवरात्रि तक 14 दिनों तक सर्व समाज के सहयोग से राजिम भक्तिन माता भोग भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें मेला में आए हुए लाखों श्रद्धालु एवं दर्शनार्थी भोग भंडारा ग्रहण किए सामाजिक समरसता की भाव से भोग भंडारा का आयोजन साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति की ओर से किया गया था इस सामाजिक सद्भावना



की प्रशंसा कर समिति के अध्यक्ष लाला साहू एवं पदाधिकारियों का मां महामाया शीतला माता प्रबंध समिति के नव मनोनीत अध्यक्ष लिलेश्वर यदु एवं सर्व समाज के प्रमुख द्वारा साल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया इस अवसर पर प्रमुख रूप से समिति के संरक्षक राघोबा महाडिक अशोक श्रीवास्तव बिसौहा राम कहार किसान सेवा समिति के पूर्व अध्यक्ष नंदकुमार सोनकर भोले साहू अध्यक्ष चोवा राम साहू वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुनील तिवारी एवं पार्षद अरविंद यदु उत्तम निषाद शत्रुघ्न धीवर बलराम यादव गणेश गुप्ता श्याम साहू रामकुमार साहू फगवा राम निषाद दीपक कहार जितेंद्र गुप्ता गोवर्धन सोनी जीतू सोनी नारायण धीवर साधु राम निषाद सतनारायण धीवर पीलू राम साहू पवन सोनी रामजीवन साहू शिवकुमार साहू रत्नू राम साहू एवं पुजारी बलदाऊ सिंह सहित वरिष्ठ जन उपस्थित थे । सर्व समाज के प्रमुखों ने एक स्वर में कहा कि साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति द्वारा भोग भंडारा का आयोजन कर सामाजिक सद्भावना सामाजिक समरसता सामाजिक एकता की दिशा में कार्य किए हैं वह सराहनीय प्रशंसनीय एवं अनुकरणीय कार्य है।

### महामाया शीतला माता प्रबंध समिति राजिम का निर्वाचन निर्विरोध संपन्न , अध्यक्ष बने लीलेश्वर यदु



**राजिम,7 मार्च।** मां महामाया शीतला माता प्रबंध समिति राजिम का निर्वाचन निर्विरोध संपन्न सर्वसम्मति से समिति के अध्यक्ष लीलेश्वर यदु को मनोनीत किया गया एवं उपाध्यक्ष रामनारायण साहू सचिव फागू राम निषाद सह सचिव वाल्मीकि धीवर एवं कोषाध्यक्ष के पद पर राजू साहू का मनोनयन किया गया आज महामाया शीतला माता प्रबंध समिति का चुनाव समिति के संरक्षक राघोबा महाडिक अशोक श्रीवास्तव समिति के पूर्व अध्यक्ष अशोक शर्मा किसान सेवा समिति के पूर्व अध्यक्ष नंद कुमार सोनकर अध्यक्ष चोवा राम साहू एवं राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू की अगुवाई में संपन्न हुआ।इस अवसर पर प्रमुख रूप से समिति के निवर्तमान अध्यक्ष शत्रुघ्न धीवर किसान सेवा समिति के पूर्व अध्यक्ष भोले साहू सुनील तिवारी बिसौहा राम कहार गणेश गुप्ता श्याम साहू रामकुमार साहू तरुण साहू फगवा राम निषाद दीपक कहार बलराम यादव लल्ला गुप्ता जितेंद्र गुप्ता जीतू सोनी नारायण धीवर साधु राम निषाद सतनारायण धीवर पीलू राम साहू पवन सोनी रामजीवन साहू शिवकुमार साहू रत्नू राम साहू पार्षद अरविंद यदु उत्तम निषाद एवं मंदिर के पुजारी बलदाऊ सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे ।

## समाचार संक्षेप

### पुलिस ने नगरवासियों से शांति से होली मनाने की अपील की

**सुकमा, 7 मार्च(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** पिछले कुछ माहों से कलेक्टर श्री हरीश एस के मार्गदर्शन में जिले में शिक्षा का स्तर को बेहतर करने के लिए नए नए कदम उठाए जा रहे हैं। इसी के तहत ही राज्य सरकार की सुघघर पढ़वईया योजना को सुकमा के स्कूलों में भी शुरू कर दी गई है। जिसके तहत सुकमा जिले के प्राथमिक शाला गोलागुडा की शिक्षका जयमाला राम ने सुघघर पढ़वाईया की चुनौती को अपने स्कूल के लिए स्वीकार की है।गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ शासन की सुघ्घर पढ़वईया योजना में प्रत्येक विद्यालय से यह अपेक्षा होती है कि सभी विद्यार्थी बुनियादी दक्षताएं प्राप्त कर लें। इस योजना में कोई भी विद्यालय स्वेच्छा से शामिल हो सकता है। उसे इस योजना में शामिल होने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा तैयार किए गए सुध्घर पढ़वईया वेब पोर्टल में आवेदन करना होता है।

**प्राथमिक शाला गोलागुडा का थर्ड पार्टी आंकलन**–सुध्घर पढ़वईया योजना में स्वेच्छा से भाग ले रहे विद्यालय, पोर्टल में दिए गए आंकलन के उपकरणों के माध्यम से स्व-आंकलन करता है। इसके बाद विद्यार्थियों के प्रदर्शन से संतुष्ट होने पर वेब-पोर्टल पर थर्ड-पार्टी आंकलन के लिये आवेदन करते हैं। प्राथमिक शाला गोलागुडा की प्रधान अध्यापिका श्रीमती जयमाला राम द्वारा स्व आंकलन के पश्चात थर्ड पार्टी आंकलन के लिए आवेदन किया गया था। तत्पश्चात लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा प्राथमिक शाला गोलागुडा का थर्ड पार्टी आंकलन के लिए दल भेजा गया। उनके द्वारा यहां के विद्यार्थियों का आंकलन किया गया। जिसके तहत एससीईआरटी, डाइट दंतेवाड़ा और जिला सुकमा से 5 संकुल समन्वयकों की टीम ने प्राथमिक शाला गोलागुडा में पहुंच कर थर्ड पार्टी आंकलन किया।

**मिल सकता है प्लेटिनम या गोल्ड**–कुल दर्ज संख्या का 98 प्रतिशत उपस्थिति होने पर ही दल द्वारा आंकलन किया जाता है। आज प्राथमिक शाला गोलागुडा में 100 प्रतिशत विद्यार्थी उपस्थित रहे। बच्चों ने बड़े अच्छे व उत्साह के साथ आंकलन कर्ताओं के प्रश्नों का जवाब दिया। प्राथामिक शाला गोलागुडा को इस आंकलन में 90न या उससे अधिक अंक मिलने पर सुध्घर पढ़वईया प्लेटिनम, 85न से अधिक किन्तु 90न से कम अंक मिलने पर सुध्घर पढ़वईया गोल्ड और 80न से अधिक परंतु 85न से कम अंक मिलने पर सुध्घर सुध्घर पढ़वईया卐 योजना में प्रमाण पत्र दिए जायेंगे।एससीईआरटी व डाइट दंतेवाड़ा से आई टीम बच्चों के जवाब से संतुष्ट दिखे। सुकमा जिले के प्राथमिक शाला गोलागुडा पहला स्कूल बना जिसने चुनौती स्वीकार की और इनका थर्ड पार्टी आंकलन किया गया। अब जिले को इंतजार रहेगा की सुध्घर पढवैया का सुकमा जिले के पहला स्कूल का रिजल्ट क्या होगा। थर्ड पार्टी आंकलन करने आई टीम में एससीईआरटी रायपुर से ललित साहू, डाइट दंतेवाड़ा से श्रीमती संगीता चंद्राकर, सामंत, सुशांत कुंडू तथा अन्य थे।

### जिला हॉस्पिटल में बढ़ी स्वास्थ्य सुविधा



**सुकमा, 7 मार्च(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** जिला अस्पताल में जिले वासियों को हर सम्भव स्वास्थ्य मुहैया कराने के लिए लगातार स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार किया जा रहा है। हाल ही में कैबिनेट मंत्री श्री कवासी लखमा ने जिला अस्पताल में चार नए यूनिट डायलसिस, फिजियोथेरेपी, आई ओपीडी, मुख्य ऑपरेशन थियेटर का उद्घाटन कर नई सौगात दी थी। जिला अस्पताल में सेवाओं के विस्तार होने से आमजनों की निर्भरता सीमावर्ती पड़ोसी जिले और अन्य राज्यों से कम हो गई है। पूर्व में छोटे बड़े ऑपरेशन के लिए मरीजों को उचित उपचार के लिए अन्य बड़े अस्पताल जाना पड़ता था। अब जिला अस्पताल में ऑपरेशन सुविधा के साथ ही अन्य सुविधाएं भी प्रारंभ हो गई है।

**सुकमा में भी बड़े शहरों के अस्पतालों जैसी सुविधा**–अब सुकमा में भी बड़े शहरों के अस्पतालों जैसी सुविधा प्रदान की का रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के प्रयासों से लगातार स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार किया जा रहा है। इसी के फलस्वरूप आज जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी संस्थागत प्रसव का लाभ दिया जा रहा है। जिला अस्पताल में स्थित हमर लैब की व्यवस्थाओं के कारण अब आमजनों को खून जाँच, पेशाब जांच, बलगम जांच के साथ ही अन्य प्रकार की जांच उपलब्ध कराई जा रही है।

**आई ऑपरेशन थियेटर, मोतियाबिंद का ऑपरेशन**–जिले में मोतियाबिंद के मरीजों को अब बिना इंतज़ार के ऑपरेशन सुविधा मुहैया कराई जा रही है। अब मोतियाबिंद के मरीजों के ऑपरेशन के लिए भी पृथक से आई ऑपरेशन थियेटर का भी निर्माण किया गया है, जहां मोतियाबिंद के मरीजों का ऑपरेशन किया जा रहा है। जिससे मोतियाबिंद के स्तर को कम करके शतप्रतिशत लक्ष्य को पूरा किया जा सकता है। अस्पताल परिसर मुख्य ऑपरेशन थियेटर के प्रारंभ होने से मरीजों को चिकित्सक के परामर्श पर तुरंत ऑपरेशन सुविधा का लाभ दिया जा रहा है।

**डायलिसिस के मरीजों को दी जा रही नि:शुल्क सुविधा**–डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल में डायलसिस यूनिट की स्थापना से जिले में किडनी से जुड़े बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को राहत दिया है। अब आमजनों को नि:शुल्क डायलासिस की सुविधा दी जा रही है। इसके शुभारंभ से जिले वासियों को निश्चित तौर से इसका लाभ मिल रहा है। पूर्व में किडनी के मरीजों को डायलसिस करने के लिए सीमावर्ती राज्य और पड़ोसी जिले पर निर्भर रहना पड़ता था और कई सारी परेशानियों का भी सामना करना पड़ता था। अब जिला अस्पताल में डायलसिस की सुविधा उपलब्ध होने से निर्भरता कम हो गई है।

**ऑर्थोपेडिक मरीजों को फिजियोथेरेपी की राहत**–जिला अस्पताल में फिजियोथेरेपी यूनिट का शुभारंभ कर ऑर्थोपेडिक के मरीजों को राहत पहुंचाई गई है। ऑपरेशन प्रोटोकॉल के मुताबिक सर्जरी के बाद फिजियोथेरेपी करना अनिवार्य होता हैं। अब इसके शुभारंभ से जिले के ऑर्थोपेडिक मरीजों को बिना किसी परेशानी के जिला अस्पताल में ही फिजियोथेरेपी की सुविधा प्रदान होती है।

### हेल्प ऑन व्हील ने मौके पर पहुंचकर किया समाधान

**सुकमा, 7 मार्च(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** कलेक्टर श्री हरिस एस के निर्देशानुसार आज छिंदगढ़ के ग्राम पुजारी पारा निवासी कुमारी नवीन राणा को समाज कल्याण विभाग के हेल्प ऑन व्हील की टीम ने उसके घर पहुंच कर औपचारिकता पूर्ण करते हुए मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल प्रदान करने की स्वीकृति प्रदान की। उल्लेखनीय है कि कुमारी नवीना राणा कक्षा दसवीं में अध्ययनरत है जोकि कोविड-19 के दौरान एक्सीडेंट में अस्थि बाधित हो गई जिसका दिव्यांगता प्रतिशत 70 है। अब उन्हें मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल मिलने से स्कूल आने जाने में काफी सहायता प्राप्त होगी और वह आगे की पढ़ाई पूरी कर सकेगी।समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक संजय पांडेय ने बताया कि कुमारी नवीन राणा को पूर्व में समाज कल्याण विभाग द्वारा वैशाखी, ट्राई साइकिल दिव्यांग का प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया है। साथ ही ग्राम पंचायत सचिव को मौके पर ही दिव्यांग राशन कार्ड बनाने हेतु निर्देशित किया गया एवं कौशल उन्नयन से जोड़ने हेतु कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रदान करवाने हेतु निर्देशित किया गया।

### 9 पदों में भर्ती के लिए 13 मार्च तक आवेदन

**गरियाबंद।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत रिक्त पदों को अस्थायी रूप से कलेक्टर दर पर रखे जाने की अनुमति प्रदान की गई है जिसके परिलपान में 06 प्रकार के कुल 09 पदों की कलेक्टर पर दर अस्थायी भर्ती हेतु आवेदन 13 मार्च 2023 तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला गरियाबंद (छ.ग.) में आवेदन केवल स्पीड पोस्ट से आमंत्रित किया जा रहा है।

# मानदेय बढ़ने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने होली त्यौहार से पहले ही खेली होली

## बधाई देने पहुँचे महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष व नपं के जनप्रतिनिधि



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम,7 मार्च।** छत्तीसगढ़ राज्य सरकार ने प्रदेश की जनता के लिए बजट पेश किया है इस दौरान प्रदेश में महीने भर से अधिक समय से हड़ताल कर रही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं की भी राज्य के मुखिया ने झोली भर दी । आबा कार्यकर्ता व साहयिकाओ का मानदेय क्रमशः 10000 व 5000 रुपए कि घोषणा के बाद से हड़ताल कर रही आबा कार्यकर्ता व सहायिकाओ ने धरना स्थल पर ही जश्न मनाया। बता दे कि गीदम स्थित काली मंच पर महीने भर से अधिक समय से यह महिलाए अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर धरने पर बैठी हुई थी । जश्न और आतिशबाजी के साथ होली पर्व से पूर्व महिलाओ में मानदेय बढ़ने पर रंग गुलाल लगाकर होली खेली । इस दौरान प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष व क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा , नपं पंचायत अध्यक्ष साक्षी शिवहरे सुराणा , नपं के पार्षदगण , मदरसा बोर्ड के सदस्य शकील रिजवी, कांग्रेस ब्लाक उपाध्यक्ष रवीश सुराना समेत अन्य जनप्रतिनिधि व कांग्रेस के कार्यकर्ता पहुँचे और आबा कार्यकर्ताओ व सहायिकाओ को बधाई देते हुए मिठाई खिलाई । इसके साथ ही उत्साह के इस माहौल में जिपं सदस्य व नपं अध्यक्ष इन महिलाओ के साथ सामूहिक नृत्य करती हुई भी नजर आई । महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष सुलोचना कर्मा ने सीएम द्वारा पेश किए गए इस बजट की जमकर तारीफ की। इधर मानदेय बढाने को लेकर इस पूरे जश्न व आतिशबाजी के माहौल में आबा कार्यकर्ता व साहयिकाओ ने राज्य सरकार का आभार भी व्यक्त किया ।

### बजट में सौगात मिलने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका गदगद

**बलौदाबाजार,7 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा पेश किए गए बजट में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ का भत्ता 6 हजार 500 रुपये से बढाकर 10 हजार रुपये एवं आंगनबाड़ी सहायिकाओं मानदेय का 3 हजार 550 रुपये से बढ़ाकर 5 हजार रुपये किये जाने पर जिला मुख्यालय में दशहरा मैदान के पास धरने पर बैठी आंगनबाड़ी में कार्यरत महिलाओ ने जश्न मनाया। भूपेश बघेल जिंदाबाद के लगाए नारे रंग गुलाल खेलकर खुशियां मनायी गयी।



छ.ग. कल्याण संघ के अध्यक्ष सतरूपा ध्रुव ने कहा कि भरोसे के बजट से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का भरोसा जीत लिया है। समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका की ओर से उन्होंने माननीय भूपेश बघेल के प्रति आभार व्यक्त की है।

### एक नजर

## पुलिस टीम पर हमला करने वाले एक ही परिवार के 6 सदस्यों पर कार्रवाई



**बलौदाबाजार 7 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन पर जिले में जुआ सट्टा गुंडा बदमाश अवैध शराब पर कार्रवाई के दौरान थाना राजा देवरी के स्टाफ ग्राम छतवन के लोकेश्वर वैष्णव के घर में मुखबिर की सूचना पर शराब रेट कार्रवाई करने पहुंचे थे ।इस दौरान लोकेश्वर वैष्णव और उसकी पत्नी के द्वारा पुलिस टीम पर अकस्मात हमला बोल दिए जिसमें लोकेश्वर वैष्णव का भतीजा जीवन दास द्वारा डंडे से पुलिस कर्मचारी के सिर पर प्राणघातक वार किया गया था तथा जिस पर आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 21/2023 धारा 147 148 149 294 186 354 330 342 307 3(1)(द) 3(1)(ध) 3 (2)1ड्ड कायम की जाकर आरोपियान सदर को समय सदर में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड लिया जा कर जेल दाखिल किया गया । जिसमें जीवन दास वैष्णव पिता चेतन दास लोकेश वैष्णव पिता धनवा दास चेतन दास वैष्णव पिता धनवा दास श्रीमती प्रगति वैष्णव पति लोकेश्वर निरोज वैष्णव पिता चेतनदास धनवा दास वैष्णव पिता स्वर्गीय गणेश दास को गिरफ्तार किया गया तथा रिमांड लेकर जेल भेजा गया उक्त कार्रवाई में थाना राजा देवरी चौकी बयां एवं जिले के विभिन्न थानों के प्रभारी शामिल रहे।

## बेरोजगारी भत्ता की घोषणा से युवाओं में हर्ष,मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार

**बलौदाबाजार,7 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा पेश किए गए बजट में बेरोजगार युवाओं के लिए 2500 रुपये प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता की घोषणा किए है। इससे युवाओं में खुशी की लहर छाई हुई है। कसडोल निवासी साहिल यादव एवं खम्हरिया यदु निवासी राजकुमार घृतलहरे ने बताया कि आज मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल जी ने शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए 25 सौ रूपये बेरोजगारी भत्ता देने की घोषणा की है वह काफिले तारीफ एवं ऐतिहासिक कदम है।

## गीदम में खुलेगा मेडिकल कॉलेज, नपं अध्यक्ष ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गीदम, 7 मार्च।** छत्तीसगढ़ शासन के बजट में नगर पंचायत गीदम क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा की गई है, जिसके लिए पूरे नगर में खुशी का माहौल है, दंतेवाड़ा क्षेत्र भारतवर्ष का पिछड़ा एवं संवेदनशील क्षेत्र माना जाता है नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण यहां पर आए दिन छोटी बड़ी नक्सली घटनाएं भी होते रहती हैं, जिन के इलाज के लिए जवानों को रायपुर के बड़े अस्पतालों पर निर्भर रहना पड़ता था। इस मेडिकल कॉलेज की स्थापना से दंतेवाड़ा सहित सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर जिलों के निवासियों को भी लाभ मिलेगा। विदित हो कि स्वास्थ्य के मामले में दक्षिण बस्तर के नागरिकों को हमेशा रायपुर, विशाखापट्टनम, हैदराबाद जैसे बड़े शहरों पर निर्भर रहना पड़ता था। गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए लंबी दूरी तय कर जाना पड़ता था जो आम नागरिकों के लिए बड़ा ही कठिन साबित होता था। इस मेडिकल कॉलेज की स्थापना से उनकी समस्याओं का समाधान होना अब निश्चित माना जा रहा है। मेडिकल कॉलेज की घोषणा पर खुशी जताते हुए नगर पंचायत गीदम की अध्यक्ष साक्षी रविश सुराना ने कहा कि नगर पंचायत का चुनाव जीतने के बाद से मैं हमारे उपाध्यक्ष मनकुराम लेकामी एवं समस्त परिषद द्वारा लगातार माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, स्वास्थ्य मंत्री टीएस बाबा, एवं विधायक देवती महेंद्र कर्मा के माध्यम से एक सर्व सुविधा युक्त बड़े अस्पताल की मांग की जाती रही है, क्षेत्रीय विधायक देवती महेंद्र कर्मा के माध्यम से हम लगातार प्रयास कर रहे थे।

## बूथ सशक्तिकरण कार्यशाला संपन्न



**तिल्दा नेवरा 7 मार्च।** भाजपा विधानसभा बूथ सशक्तिकरण कार्यशाला संपन्न भाजपा तिल्दा शहर एवं ग्रामीण मंडल के संयुक्त कार्यशाला भाजपा कार्यालय नेवरा में आयोजित किया गया जिसमें शक्ति केंद्र के प्रभारी संयोजक और सहसंयोजक कार्यक्रम के पांचो प्रमुख को बैठक में विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया कार्यशाला में सभी वक्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी को और मजबूत करने एवं ग्रामीण क्षेत्र में रह रहे पुराने कार्यकर्ताओं से वरिष्ठ जनों से मेल मिलाप करते हुए उन्हें आगामी चुनाव में सम्मान के साथ मैदान में उतारने का आग्रह किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

### समाचार संक्षेप

## जिले को मिली बड़ी सौगात

**बलौदाबाजार,7 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज भरोसे का बजट पेश करते हुए बलौदाबाजार-भाटापारा जिले को बड़ी सौगात दिए है। जिसके तहत जिला मुख्यालय में पशु रोग अनुसंधान प्रयोगशाला,नवीन जिला परिवहन कार्यालय हेतु भवन,भाटापारा में उप पंजीयक कार्यालय हेतु नवीन भवन, पलारी में एसडीएम कार्यालय के स्वीकृत हुए पद,गिरौदपुरी में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सुहेला में नवीन पशु औषधालय खोलने की घोषणा मुख्यमंत्री ने आज की है। घोषणा से जिलेवासियों में खुशी की लहर है। परम पूज्य गुरू घासीदास की जन्म भूमि गिरौदपुरी में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खुलने से आसपास के 8 से 10 गांवों के निवासियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य केन्द्र खुलने पर गिरौदपुरी निवासी अजय कुमार सतनामी ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री ने हमें पहले एसडीएम कार्यालय दिया अब नये स्वास्थ्य केन्द्र दिया है जिससे हम लोगों की समस्याएं दूर हुई हैं पहले राजस्व एवं स्वास्थ्य संबंधित समस्याएं होने पर कसडोल जाना पड़ता था अब उससे निजात मिलेगा। पैसे एवं समय की बचत होगा। अजय ने गिरौदपुरी नए स्वास्थ्य केन्द्र खोलने पर आभार प्रकट किया है। इसी तरह बलौदाबाजार आदिम काल से ही बैलों के बाजार के लिए प्रसिध्द है। आज जिला मुख्यालय में पशु रोग अनुसंधान प्रयोगशाला खुलने की घोषणा से स्थानीय जनप्रतिनिधि गण भी काफी गदगद है। वरिष्ठ कृषक चिंतक एवं कृषक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा ने कहा कि सरकार गौधन पर विशेष ध्यान दे रही है। उनके स्वास्थ्य की चिंता के प्रति सरकार बेहद संवेदनशील है। पहले पशुओं के लिए चलित मोबाइल एम्बुलेंस अब बलौदाबाजार में पशु रोग अनुसंधान प्रयोगशाला खुलने से जानवरों को बिमारीयों से बचाने में मदद मिलेगी। इससे जानवर स्वस्थ्य होंगें एवं पशुधन से आय में वृध्दि होगी।

## आम जनता ठगा हुआ महसूस कर रही:विक्रम धुर्वे

**दल्लीराजहरा/डौंडी 7 मार्च।** विक्रम धुर्वे (भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि) ने कहा कि कांग्रेस सरकार भरोसे के संकट से जूझ रही है इसीलिए बजट से पहले ही इस बजट को भरोसे का बजट बताने का प्रयास किया गया था,पर यह भरोसे का नहीं भरोसे को तोड़ने वाला बजट है। हर वर्ग को छला गया, सरकार ने वादा खिलाफी के कीर्तिमान रच दिए है। कांग्रेस झूठ बोलने वाली पार्टी है। यह बात इस बजट से प्रमाणित हो गया है। विक्रम धुर्वे ने कहा कि इस बजट से जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है। यह अविश्वसनीय बजट है इसका कोई प्रावधान नहीं है । युवा, कर्मचारी, महिला सब ठगा हुआ महसूस कर रहे है। युवाओं को कैसे बेरोजगारी भत्ता मिलेगा, कोई प्रावधान नहीं है। न कोई इंफ्रास्ट्रक्चर है और न ही कोई पुरानी योजनाओं पर बल दिया गया है। इससे राज्य की जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है। जनता सरकार के प्रति टकटकी लगाए देख रही थी पर उसके उम्मीदों पर पानी फिर गया है। विक्रम धुर्वे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बजट पूर्व दिये गये संदेश पर प्रतिक्रिया देते कहा कि कांग्रेस की सरकार ने राज्य के विकास पर जरा भी ध्यान नहीं दिया। हर बार केवल सत्ता के आनंद को समर्पित बजट रहा है। एक बार फिर से जनता को छला है। कांग्रेस की सरकार से प्रदेश की जनता का भरोसा उठ चुका है। ये बजट तो कांग्रेस की विदाई का बजट है। छतीसगढ़ का यह बजट लोगो के विकास के लिए नहीं बल्कि कांग्रेस के भ्रष्टाचारी नेता अधिकारी इनके लिए लाभकारी बजट है इस बजट में ना संविदा कर्मचारियों के बारे में सोचा गया है ना सरकार ने किसानों को लेकर सोचा है यह बजट सिर्फ 2023 में होने वाले चुनाव के रूप में केवल छलावा है। जैसे ठगने में महारत हासिल किए हुए हमारे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रदेश की जनता को एक बार पुनः ठग रहे हैं,वही साथ ही साथ बालोद जिले के डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र से सबसे बड़े नगरपालिका दल्ली राजहरा में ऐसी बहुत सी बहु प्रतीक्षित मांगे रही हैं।




# खतरों के खिलाड़ी शो में जाएंगे राजधानी के दो नेता

**रायपुर, 7 मार्च।** टेलीविजन का मशहूर रियलटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' शो के लिए राजधानी के दो नेताओं का चयन किया गया है। इनमें से एक भाजपा के व दूसरे कांग्रेस के नेता है। दोनों के नाम उजागर नहीं किए गए हैं। शो के निर्माता जेस्सु जार्ज व होस्ट रोहित शेट्टी ने आज एक पत्रवार्ता में बताया कि रायपुर के दोनों प्रतिभागियों के नाम सीधे शो के पहले एपिसोड में उजागर किए जाएंगे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि दोनों का चयन इस कारण किया गया है ्क्योंकि इन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में कई खतरे उठाए हैं। कई बार पार्टी के लिए भी खतरा पैदा किया है। शेट्टी ने बताया कि इस बार शो की शूटिंग दुनिया के सबसे खतरनाक व नापाक देश पाकिस्तान में की जाएगी। प्रतिभागियों को शो में जंगली जानवरों, सांप-बिच्छु कीड़े-मकौड़ों के साथ तथा हवा व पानी में कारनामे कर टास्क जीतना होगा। सूत्रों से जानकारी के अनुसार एक टास्क में प्रतिभागियों को पाकिस्तान में आठ घंटे रहना होगा। जार्ज ने बताया कि प्रतिभागियों के प्रति शो दस लाख का भुगतान किया जाएगा। विजेता खिलाड़ी को एक करोड़ दिया जाएगा। विजेता की घोषणा व पुरस्कार वितरण रायपुर के इंडोर स्टेडियम में किया जाएगा। स्टेडियम आकर्षक व भव्य सेट लगाए जाएंगे। समारोह में कई फिल्मी सितारें शिरकत करेंगे।

## कर्मचारियों की आशाओं पर कुठाराघात है यह बजट

**गीदम, 7 मार्च।** भूपेश सरकार के भरोसे का बजट छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों की आशाओं पर आखिरी बजट निराशा जनक व कुठाराघात का यह बजट है , उक्त बातें छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संरक्षक एसके दास एवं पीला राम सिन्हा संगठन सचिव ने कहा । उन्होंने बताया कि जिस प्रकार छत्तीसगढ़ सरकार के कार्यकाल का यह अंतिम बजट था , जिसमें छत्तीसगढ़ के समस्त कर्मचारी अधिकारी यह आस लगाए बैठे थे कि भूपेश सरकार अपने कर्मचारियों को सातवें वेतनमान में गृह भाड़ा भत्ता का लाभ, तथा केंद्र के समान महंगाई भत्ता एवं विधानसभा के जन घोषणा पत्र में उल्लेखित समस्त कर्मचारियों को चार स्तरीय पदोन्नत वेतनमान देगी , किंतु भूपेश सरकार के वर्तमान बजट में इसकी घोषणा नहीं होने से यह बजट प्रदेश के कर्मचारी, अधिकारियों को हतोत्साहित करने वाला बजट रह गया है ।



## शकुंतला फाउंडेशन ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**तिल्दा-नेवरा, 7 फरवरी।** शकुंतला फाउंडेशन छत्तीसगढ़ के द्वारा वृंदावन वन हाल रायपुर में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में आयोजित कार्यक्रम में आमजनों के भविष्य को प्रज्वलित करने के लिए हमेशा संकल्पित और समाज के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान देने वाले लोकप्रिय समाज सेवी राम पंजवानी को सम्मानित किया गया सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि राम सिंह ठाकुर मुख्य निर्वाचन आयुक्त कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे। नीलकंठ टेकाम आई ए एस अधिकारी एवम् विशिष्ट अतिथि विजय कुमार अग्रवाल, प्रशांत ठाकुर सत्य साांई अस्पताल वरिष्ठ समाजसेवी, अमर गुरनानी समाजसेवी, रतना नारमदेव समाजसेवी एवं एल्डरमैन, तरण छत्तीसगढ़ के प्रकाश शर्मा, आईएनएच से अजय बैहरा, अतिथि के रूप में मौजूद थे। शकुन्तला फाउंडेशन संस्था के द्वारा अनेक क्षेत्रों में विशिष्ट जनो को उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों सम्मानित किया। संस्था के प्रमुख स्मिता सिंह, कमल जैन, पदमा घोष, हासी बेनर्जी, उमा स्वामी, डाक्टर अनुश्री पाठक, डाक्टर निशांत अग्रवाल, विद्या मरकाम, संजना भदौरिया उपस्थित थे।


**न्यायालय तहसीलदार छुईखदान के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202302290800025/202302290800025**

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन:- 2022-2023

पद्मावतीपुर प.ह.नं. 00017
[ 768/1( 0.06350 हे. ) ]
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार- भवानी बहादुर,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भवानी बहादुर पिता शिवेन्द्र बहादुर निवासी पदमावतीपुर तहसील छुईखदान के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि अशोक सिंह पिता कुंवरसिंह राजपूत के नाम पर ग्राम पदमावतीपुर प.ह.नं. 17 तहसील दुईखदान स्थित भूमि खाता क्रमांक 50 कुल खसरा नंबर 3 कुल रकबा 8.807 है. भूमिस्वामी हक की भूमि की मूल भू-अधिकार एवं ऋण पुस्तिका गुम होने से भू-अधिकार एवं ऋण पुस्तिका की द्वितीय प्रति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई दावा-आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 22/03/2023 को या पूर्व इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा आपति प्रस्तुत कर सकते है, तिथि समाप्त पश्चात् प्राप्त दावा-आपति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28/02/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, छुईखदान ( छ.ग. )

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगांव जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

प्र.क्र. 202303091000022
अ-20 ( 1 ) वर्ष 2022-23

**उद्घोषणा**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदिका सुशीला श्रीवास पति स्व. रामस्वरूप श्रीवास, निवासी छुरिया, तहसील छुरिया, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा इस आशय हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि नगर पंचायत छुरिया क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छुरिया स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 471 / 3 रकबा 0.024 हेक्टेयर में से 775 वर्गफुट पर मकान बनाकर अतिक्रमण किया गया है। आवेदिका द्वारा उक्त अतिक्रमित भूमि का वर्तमान में छ.ग. शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार व्यवस्थापन कर अतिक्रमित भूमि का भूमि स्वामी हक किये जाने के संदर्भ में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में यदि किसी हितबद्ध पक्षकार अथवा व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति/दावा इस न्यायालय में सुनवाई तिथि 13.03.2023 को प्रातः 11.00 बजे तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के द्वारा उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा तथा प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 06.03.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं मुहर अंकित कर जारी किया गया।

जारी दिनांक- 06/03/2023
सुनवाई दिनांक- 13/03/2023

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) डोंगरगांव, जिला-राजनांदगांव ( छ.ग. )

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) खैरागढ़ (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202302290100173
अ/2 वर्ष 2022-23
क्रमांक/174/प्र.1/अ.वि.अ./2023
खैरागढ़, दिनांक 28/02/2023

**ईश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जगदीश सिन्हा पिता मंगलू सिन्हा निवासी ग्राम करेला तहसील खैरागढ़ जिला- खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई. द्वारा अपनी भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम करेला प.ह.नं. 15 तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई स्थित भूमि ख.न. 10 रकबा 1.534 हे. में से 0.020 हे./2178 वर्गफुट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत आवेदन पेश किया है ।

अतएव आवेदक की उक्त कृषि भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने में किसी को भी किसी प्रकार की आपत्ति हो तो अपना आक्षेप ईश्तहार प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं, बाद में प्राप्त आक्षेपों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.02.2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी।

जारी दिनांक-28.02.2023
पेशी दिनांक-14.03.2023

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी ( राजस्व ) खैरागढ़, खैरागढ़ ( छ.ग. )

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-12, रायपुर (छ.ग.)**

जारी दिनांक:-06/03/2023

**आम-सूचना**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राजेन्द्र गुप्ता पिता स्व. शिवदास गुप्ता निवासी नयापारा द्वारा आवेदित भूमि ग्राम पंडरीतराई पटवारी हल्का नंबर 47 राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-12 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 146/35 शीट नं.-3 भू-खण्ड क्रमांक 26/1 रकबा 2550 वर्गफुट हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार/नायब तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 03/03/23 के परिपालन में दिनांक 21/03/23 को समय 12.30 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 47 के सिंचाई कालोनी के इन्द्रावती नगर में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी भी प्रकार के दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

मुहर — रा.नि.मं.-12, रायपुर

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-12, रायपुर (छ.ग.)**

जारी दिनांक:-06/03/2023

**आम-सूचना**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सुनील कुमार गुप्ता पिता श्री स्व.शिवदास जी गुप्ता निवासी नयापारा रायपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम पंडरीतराई पटवारी हल्का नंबर 47 राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-12 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 146/35 शीट नं.-3 भू-खण्ड क्रमांक 26/3 रकबा 2475 वर्गफुट हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार/तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 03/03/23 के परिपालन में दिनांक 21/03/23 को समय 12.30 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 47 के सिंचाई कालोनी के इन्द्रावती नगर में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी भी प्रकार के दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

मुहर — रा.नि.मं.-12, रायपुर

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-12, रायपुर (छ.ग.)**

जारी दिनांक:-06/03/2023

**आम-सूचना**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री धीरेन्द्र गुप्ता पिता स्व. शिवदास गुप्ता निवासी नयापारा रायपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम पंडरीतराई पटवारी हल्का नंबर 47 राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-12 रायपुर में स्थित भूमि जिसका शीट नं.-3 भू-खण्ड क्रमांक 26/6, खसरा नं. 146/35 रकबा 2475 वर्गफुट हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार/तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 03/03/23 के परिपालन में दिनांक 21/03/23 को समय 12.30 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 47 के सिंचाई कालोनी के इन्द्रावती नगर में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी भी प्रकार के दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

मुहर — रा.नि.मं.-12, रायपुर

**कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी**
**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भाटापारा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

क्रमांक/सामु. स्वा.के./2022-23/192 — भाटापारा दिनांक 03/03/2023

**निविदा आमंत्रण सूचना विज्ञप्ति**

जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार में वर्ष 2023-24 के लिये आर.बी.एस.के. कार्यक्रम अंतर्गत जीप श्रेणी वाहन प्रस्ताव पारित किया जाना है। निविदा विज्ञापन सूचना दो प्रदेश स्तरीय बहु प्रशारित समाचार पत्रों तथा राष्ट्रीय स्तर के समाचार पत्र में प्रकाशित करवाने की कृपा करेंगे। निविदा प्रपत्र शर्तों एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में किसी भी दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 500 रू मात्र है। निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक 14.03.2023 को शाम 05:00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है।

निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि - दिनांक 14.03.2023 को शाम 05:00 बजे तक।
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - दिनांक 15.03.2023 को दोपहर 01:00 बजे तक।
निविदा खोलने की तिथि - दिनांक 15.03.2023 को दोपहर 03:00 बजे।

निविदा खोलने की तिथि एवं समय में अपरिहार्य कारणों से परिवर्तित किया जा सकता है जिसकी सूचना कार्यालय के सूचना पटल में चस्पा कर दी जावेगी।

खण्ड चिकित्सा अधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भाटापारा
जिला बलौदा बाजार-भाटापारा ( छ.ग )

**कार्यालय नगर पालिक निगम भिलाई, जिला-दुर्ग**
**जोन क्रमांक-5**
E-mail:-zonefivebhilai@gmail.com

क्र./लो.क.वि./जोन क्र.5/2023/11/507 — भिलाई, दिनांक 02/03/23


**//ई-निविदा आमंत्रण सूचना//**

आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | सिस्टम टेण्डर क्र. एवं जारी दिनांक | अनुमानित लागत ( लाख में ) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जोन क्र. 05 अंतर्गत स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय सेक्टर-7 में शौचालय निर्माण एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। (तृतीय निविदा) | 126117 27.02.2023 | 25.00 | 10.03.2023 |
| 2 | वार्ड क्र. 58 (पुराना वार्ड 52) सेक्टर 04 चौक से एस.बी.आई. बैंक तक स्मार्ट रोड निर्माण कार्य। (तृतीय निविदा) | 126441 02.03.2023 | 25.00 | 13.03.2023 |

निविदा हेतु शपथ पत्र एवं धरोहर राशि की एफ.डी.आर. स्पीड पोस्ट अथवा रजिस्टर्ड डाक से स्वीकार किये जावेंगे। निविदा हेतु आवश्यक दस्तावेज तथा कार्य हेतु दी जाने वाली दरें ऑनलाईन (Online) दी जावें। उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी नगर पालिक निगम भिलाई की वेबसाईट www.bhilainagarnigam.com संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in एवं चीप्स की वेबसाईट के वेबसाईट eproc.cgstate.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

जोन आयुक्त




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23